Discover your divinity with us
A/C Showroom
ज्ञान गंगा ॐ मूर्ति माला केन्द्र
उजाला भवन स्टेशन रोड, दुर्ग
0788-4030383, 3293199
भगवान के वस्त्र, श्रृंगार मूर्तियां एवं समस्त पूजन सामग्री संगमरमर व पीतल की मूर्तियां राशि रत्न एवं उपरत्न उपलब्ध

राष्ट्र एवं राज्य के प्रगति पथ पर...

रायपुर एवं दुर्ग से प्रकाशित

# समय दर्शन

ESTD : Since 2011

संस्थापक : स्व. श्रीमती निलिमा खड़तकर

निष्पक्ष निर्भीक खबरों के साथ

श्री
दुर्ग शहर में
सुप्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य
माँ दुर्गा उपासक मां बगुलामुखी, माँ कामख्या, माँ भद्रकाली, माँ शतचंडी की असीम कृपा साधना द्वारा समस्त समस्याओं का मार्ग दर्शन हेतु
पं. एम.पी. शर्मा/
मो. 8109922001
फीस 251/- मात्र
पताः- श्री दुर्गा ज्योतिष कार्यालय सिकोला भाठा, सब्जी मार्केट के सामने, धमधा नाका, दुर्ग

वर्ष 14, अंक 294 पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये दुर्ग, सोमवार 01 सितम्बर 2025 www.samaydarshan.in

## संक्षिप्त समाचार

### मंडी में बादल फटने से कई गाड़ियां बहीं, चंडीगढ़-मनाली फोरलेन फिर बंद

**नई दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश में मंडी के गोहर की नांडी पंचायत में बादल फटने के बाद नसेंणी नाला में कई गाड़ियां बाढ़ में बह गईं। वहीं, शिमला जिला के रामपुर में लैंडस्लाइड से 5 घर क्षतिग्रस्त हो गए। इसमें दो व्यक्ति भी घायल हो गए। प्रदेश में अगले दो दिनों तक भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। शिमला के जतोग कैंट में लैंडस्लाइड से सेना के रिहायशी मकान को खतरा पैदा हो गया। इसे रात में ही खाली करवाकर 4 परिवार सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट किए गए। वहीं, चंडीगढ़-शिमला हाईवे पर शोघी के समीप पहाड़ी से पत्थर गिरने से एक गाड़ी इसकी चपेट में आ गई। गाड़ी को काफी नुकसान हुआ है। शिमला के रामपुर के बधाल में फ्लैश फ्लड से 3 से ज्यादा घरों में मलबा आ गया। कांगड़ा, कुल्लू और सिरमौर जिले के स्कूलों और कॉलेजों में आज छुट्टी घोषित की गई है। चंडीगढ़-मनाली फोरलेन पर आज फिर हनोगी के पास भारी लैंडस्लाइड हो गया। इससे सड़क यातायात के लिए अवरुद्ध हो गई है। भारी बारिश के बाद प्रदेशभर में 2 नेशनल हाईवे समेत 914 सड़कें जगह जगह बंद हो गई हैं।

### राजसमंद विधायक दिप्ती माहेश्वरी सड़क दुर्घटना में घायल

**राजसमंद।** भारतीय जनता पार्टी की नेता और राजसमंद से विधायक दीप्ति माहेश्वरी की गाड़ी शनिवार सुबह उदयपुर-राजसमंद हाईवे पर एक भीषण दुर्घटना का शिकार हो गई है। यह हादसा देलवाड़ा थाना क्षेत्र में हाईवे पर सुरंग के पास हुआ। बताया जा रहा है कि यह घटना तब हुई जब विधायक अपने राजनीतिक कार्यक्रमों को पूरा करने के बाद उदयपुर जा रही थीं। इस हादसे में विधायक दीप्ति माहेश्वरी, उनके गनमैन और ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों और पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए घायलों को उदयपुर के गीतांजलि अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि विधायक के कंधे में फ्रैक्चर हुआ है, जबकि अन्य घायलों की हालत भी चिंताजनक बताई जा रही है। डॉक्टरों की टीम उनकी सेहत पर नजर रख रही है। हादसे के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है। लेकिन, पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। घटना की सूचना मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया।

### ट्रंप की वर्चस्व दिखाने की नीति से अमेरिका को ही नुकसान होगा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने अमेरिकी कोर्ट के उस फैसले का समर्थन किया है, जिसमें राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए अधिकांश टैरिफ को गैरकानूनी करार दिया गया। मसूद ने कहा कि एक समझदार नेता को देश का नेतृत्व करते समय लाभ-हानि का आकलन करना चाहिए। उन्होंने ट्रंप पर आरोप लगाया कि वह बिना सोचे-समझे नीतियां लागू कर रहे हैं। इससे अन्य देशों को कितना नुकसान होगा।

मोदी और जिनपिंग ने डोनाल्ड ट्रंप को खूब सुनाया

# चीन-भारत संबंधों को तीसरे देश के लेंस की जरूरत नहीं

नई दिल्ली/ एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच रविवार को मुलाकात हुई। इस मुलाकात के बाद पीएम मोदी ने कहा कि भारत और चीन के रिश्तों को किसी तीसरे देश के लेंस से देखने की जरूरत नहीं। इस बात को डोनाल्ड ट्रंप के लिए संदेश माना जा रहा है जिन्होंने भारत पर भारी टैरिफ लगा रखा है। विदेश मंत्रालय ने भी पीएम मोदी और जिनपिंग की मुलाकात पर बयान जारी किया है। बयान में कहा गया है कि दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों और चुनौतियों, जैसे कि आतंकवाद और बहुपक्षीय मंचों में निष्पक्ष व्यापार पर साझा आधार के विस्तार को जरूरी माना है। मोदी और जिनपिंग की मुलाकात 31वें एससीओ शिखर सम्मेलन से इतर हुई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा रूसी तेल खरीदने पर भारत के ऊपर 50 फीसदी टैरिफ लगाया गया है। ट्रंप के इस फैसले के बाद पीएम मोदी जापान और चीन की यात्रा पर पहुंचे हैं। इसमें चीन की यात्रा इसलिए मायने रखती है क्योंकि प्रधानमंत्री सात साल के अंतराल पर यहां पहुंचे हैं। गलवान में भिड़ंत के बाद दोनों देशों के रिश्ते ठंडे पड़ गए थे। लेकिन अब पीएम मोदी इन रिश्तों में नई गर्माहट फूंकने की कोशिश में जुटे हुए हैं। विदेश मंत्रालय के मुताबिक दोनों नेताओं ने यह बात कही कि किसी भी तरह का मतभेद झगड़े में नहीं बदलना चाहिए। विदेश मंत्रालय के मुताबिक मोदी और शी ने विश्व व्यापार को स्थिर करने में अपनी दोनों अर्थव्यवस्थाओं की भूमिका को स्वीकार किया। साथ ही सीमा विवाद के निष्पक्ष, तर्कसंगत और आपसी समाधान के बारे में भी बात की। मंत्रालय के मुताबिक दोनों नेताओं ने अक्टूबर 2024 में कजान (रूस) में हुई अपनी पिछली मुलाकात के बाद से द्विपक्षीय संबंधों में आई सकारात्मक गति और स्थिर प्रगति का स्वागत किया। उन्होंने इस बात की पुष्टि की कि दोनों देश विकास में भागीदार हैं, प्रतिद्वंद्वी नहीं। उनके मतभेद विवाद में नहीं बदलने चाहिए बयान में आगे कहा गया है कि आपसी सम्मान, हित और संवेदनशीलता के आधार पर भारत-चीन और उनके 2.8 अरब लोगों के बीच एक स्थिर संबंध और सहयोग जरूरी है। साथ ही यह दोनों देशों के विकास और प्रगति के साथ-साथ 21वीं सदी के रुझानों के अनुरूप एक बहुध्रुवीय विश्व और एक बहुध्रुवीय एशिया के लिए भी इसकी जरूरत है। विदेश मंत्रालय के बयान के अनुसार, सीधी उड़ानों और वीजा के जरिए लोगों के बीच संबंधों को भी सकारात्मक कदम बताया गया। इसमें भी कैलाश मानसरोवर यात्रा को फिर से शुरू करना खास है। भारत-चीन वार्ता में सिर्फ व्यापार ही नहीं, बल्कि लोगों के बीच संपर्क बढ़ाने के उपायों पर भी सहमति बनी। दोनों नेताओं ने सीधे हवाई संपर्क बहाल करने, वीजा प्रक्रिया आसान करने और कैलाश मानसरोवर यात्रा शुरू करने को अहम कदम बताया। विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों देशों ने माना कि पर्यटन और सांस्कृतिक आदान-प्रदान आपसी भरोसा बढ़ाने में मदद करेंगे।



### शी को ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के लिए भारत आमंत्रित किया

प्रधानमंत्री ने एससीओ की चीन की अध्यक्षता और तियानजिन में शिखर सम्मेलन के लिए समर्थन व्यक्त किया। उन्होंने राष्ट्रपति शी को ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भी आमंत्रित किया, जिसकी मेजबानी भारत 2026 में करेगा। राष्ट्रपति शी ने निमंत्रण के लिए प्रधानमंत्री का धन्यवाद किया और भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता के लिए चीन के समर्थन की पेशकश की। प्रधानमंत्री ने चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के पोलित ब्यूरो की स्थायी समिति के सदस्य काई क्वी के साथ भी बैठक की। प्रधानमंत्री ने काई के साथ द्विपक्षीय संबंधों के लिए अपने दृष्टिकोण को साझा किया और दोनों नेताओं के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए उनका समर्थन मांगा।

### कैलाश मानसरोवर यात्रा, सीधी उड़ान और वीजा सुविधा

दोनों नेताओं ने कैलाश मानसरोवर यात्रा और पर्यटक वीजा की बहाली के आधार पर सीधी उड़ानों और वीजा सुविधा के माध्यम से लोगों के बीच संबंधों को मजबूत करने की आवश्यकता पर ध्यान दिया। आर्थिक और व्यापारिक संबंधों के संदर्भ में उन्होंने विश्व व्यापार को स्थिर करने में अपनी दोनों अर्थव्यवस्थाओं की भूमिका को मान्यता दी। उन्होंने द्विपक्षीय व्यापार और निवेश संबंधों का विस्तार करने और व्यापार घाटे को कम करने के लिए एक राजनीतिक और रणनीतिक दिशा में आगे बढ़ने की आवश्यकता पर बल दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और चीन दोनों ही रणनीतिक स्वायत्तता चाहते हैं। उनके संबंधों को किसी तीसरे देश के नजरिए से नहीं देखा जाना चाहिए।

कांग्रेस भड़की, अधीर रंजन ने खूब सुनाया

# वोटर अधिकार यात्रा......में खुद शामिल नहीं होंगी सीएम बनर्जी

**नई दिल्ली।** तृणमूल कांग्रेस और कांग्रेस के नेताओं के बीच रविवार को जुबानी जंग देखने को मिली। दरअसल, बिहार में राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा में ममता बनर्जी की पार्टी का प्रतिनिधित्व करने लिए टीएमसी ने प्रतिनिधिमंडल भेज रही है। इसे लेकर कांग्रेस के दिग्गज नेता और पूर्व सांसद अधीर रंजन चौधरी ने बंगाल की सीएम ममता बनर्जी की आलोचना की और कहा कि यात्रा में खुद शामिल होने के बजाय उन्होंने अपने दो नेताओं को भेजा है। कोलकाता में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अधीर रंजन चौधरी ने कहा, 'ममता ने बिहार दौरा इसलिए नहीं किया क्योंकि राहुल गांधी की तुलना में वह फीका नहीं पड़ना चाहती हैं। अधीर रंजन चौधरी ने कहा, 'हिंदू, मुस्लिम और दलित को भी वोट देने का अधिकार है। राहुल गांधी हर एक व्यक्ति के वोट देने के अधिकार की सुरक्षा के लिए लड़ रहे हैं। जब मोदी इस अधिकार को छीन लेना चाहते हैं, जब देश के सभी विपक्षी नेता लड़ने के लिए वहां पर मौजूद हैं तब बंगाल की मुख्यमंत्री नहीं जाना चाहती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि राहुल गांधी की तुलना में वह फीकी पड़ जाएंगी। यही कारण है कि वह नहीं जाएंगी।' मालूम हो कि 1 सितंबर को बिहार में वोट अधिकार यात्रा के अंतिम पड़ाव में यूसुफपठान और ललितेश त्रिपाठी तृणमूल कांग्रेस की ओर से शामिल होंगे। अधीर रंजन चौधरी की टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया देते हुए टीएमसी नेता कुणाल घोष ने कहा, 'यह हमारा फैसला है कि बिहार कार्यक्रम में पार्टी का प्रतिनिधित्व कौन करेगा।



### रामायण के डायरेक्टर रामानंद सागर के बेटे प्रेम सागर का निधने

**नई दिल्ली।** फिल्म निर्माता रामानंद सागर के बेटे प्रेम सागर का आज सुबह 10 बजे निधन हो गया। वह 84 वर्ष के थे। खबरों के मुताबिक वह कुछ समय से अस्वस्थ थे और उन्हें मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। रविवार को डॉक्टरों ने उन्हें घर ले जाने की सलाह दी। इसके बाद उनका निधन हो गया। प्रेम सागर निर्माता और मशहूर सिनेमैटोग्राफर थे। उन्होंने भारतीय सिनेमा और टेलीविजन में सागर परिवार की विरासत को आगे बढ़ाया। वह भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान (एफटीआईआई), पुणे के 1968 बैच के पूर्व छात्र थे।

आर्थिक मदद की मांग

# सीएम मान ने पीएम मोदी को लिखा पत्र

**चंडीगढ़।** पंजाब इन दिनों भयंकर बाढ़ की चपेट में है। हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में भारी बारिश के कारण सतलुज, ब्यास, रावी नदी और अन्य मौसमी नालों में उफान का असर पंजाब में देखने को मिल रहा है। इसको लेकर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर मदद की अपील की है। सीएम मान ने अपने पत्र में लिखा कि पंजाब इस समय भीषण बाढ़ आपदा से जूझ रहा है, जिससे करीब एक हजार गांव और लाखों लोग प्रभावित हुए हैं। भारी मानसून बारिश और बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण सात जिलों गुरदासपुर, कपूरथला, अमृतसर, पठानकोट, फिरोजपुर, फाजिल्का और होशियारपुर में व्यापक बाढ़ आई है।




वृक्षारोपण अभियान में भी लिया हिस्सा

# गृहमंत्री ने अहमदाबाद में शहरी स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन किया

नई दिल्ली/ एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को यहां पौधारोपण अभियान में भाग लिया और शहरी स्वास्थ्य केंद्र का भी उद्घाटन किया। शाह और गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने अहमदाबाद के घाटलोदिया वार्ड में "एक पेड़ मां के नाम" पहल के तहत पौधारोपण अभियान का नेतृत्व किया। यह अभियान लोगों को अपनी मां के नाम पर एक पेड़ लगाने के लिए प्रोत्साहित करता है। यह कार्यक्रम अहमदाबाद नगर निगम (एएमसी) द्वारा आयुष्मान वन में आयोजित किया गया। वहीं, एक अन्य कार्यक्रम में शाह ने अहमदाबाद के गोटा वार्ड में 3.84 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित एक शहरी स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन किया। इस संबंध में जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया कि यह केंद्र आयुष्मान भारत के तहत पीएमजेएवाई (प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना) कार्ड, आभा कार्ड, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, जननी सुरक्षा योजना के साथ-साथ अन्य सभी स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं उपलब्ध कराएगा। इसके अलावा, यह गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं और महिलाओं के रोगों के निदान, उपचार सेवाओं की सुविधा भी प्रदान करेगा। विज्ञप्ति में कहा गया कि नवजात शिशुओं और बच्चों के लिए बाल रोग विशेषज्ञों द्वारा जांच, निदान, उपचार सेवाएं तथा गर्भवती महिलाओं और बच्चों के टीकाकरण से संबंधित सेवाएं भी उपलब्ध होंगी।



### बिहार के लोग गाली गलौज की भाषा बर्दाश्त नहीं कर सकते : ललन

**पटना।** बिहार में इस साल होने वाले चुनाव से पूर्व कथित वोट चोरी के विरोध में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में बिहार महागठबंधन द्वारा निकाली गई वोटर अधिकार यात्रा ने प्रदेश की सियासत को गर्म कर रखा है। इस बीच, केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने इसे फर्जीवाड़ा की यात्रा बताया। उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि जिस पीएम ने देश का मान दुनिया में बढ़ाया है, उनकी स्वर्गीय माता को इंगित करके गाली दी जा रही है। बिहार के लोग इस तरह की भाषा को कभी बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने राजद के शासनकाल को याद कराते हुए कहा कि जब तेजस्वी यादव के माता-पिता का शासन था।

सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी मिली

# ढेर हुआ आतंकियों का समंदर चाचा, कई घुसपैठ में शामिल..

श्रीनगर/ एजेंसी

जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी मिली है। मोस्ट वांटेड आतंकी बागू खान उर्फ समंदर चाचा को नौशेरा सेक्टर में मुठभेड़ के दौरान मार गिराया। बागू खान अब तक 100 से ज्यादा घुसपैठ में शामिल था और वह आतंकी जगत में ''ह्यूमन जीपीएस'' कहलाता था। सुरक्षाबलों ने वीरवार को उत्तरी कश्मीर के बांदीपोरा जिले के गुरेज सेक्टर में बागू खान समेत दो आतंकियों को ढेर कर दिया। इसे पाकिस्तान सीमा (एलओसी) पर सक्रिय आतंकियों के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। बागू खान को ''ह्यूमन जीपीएस'' कहा जाता था। 1995 से अब तक उसने 100 से ज्यादा घुसपैठ में आतंकियों की मदद की थी। पहलगाम हमले में शामिल आतंकी भी सीमा पार से आए थे। सेना ने फिलहाल आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है, लेकिन शुरुआती जानकारी में बताया गया कि मारे गए दो घुसपैठियों में बागू खान भी शामिल था। सेना और पुलिस ने अब तक सिर्फ इतना बताया है कि अभियान में दो घुसपैठिए मारे गए। सूत्रों के मुताबिक, 28 अगस्त को बागू खान नौशेरा में घुसपैठ कराने की कोशिश कर रहा था, तभी सुरक्षाबलों ने उसे घेर लिया। एक अधिकारी ने बताया कि गुरेज में मारे गए शख्स के पास से मिले पहचान पत्र में उसका नाम बागू खान और जन्मतिथि 6 अप्रैल 1975 लिखी थी।



'मन की बात' हर माह देती है नई प्रेरणा

# विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण में सभी करें योगदान-मुख्यमंत्री

- मन की बात' की 125वीं कड़ी का मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय सहित मंत्रियों और नागरिकों ने किया श्रवण

रायपुर/ संवाददाता

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 125वीं कड़ी का सीधा प्रसारण आज नवा रायपुर स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद उद्योग एवं व्यापार परिसर के कन्वेंशन सेंटर में हुआ। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय, खाद्य मंत्री श्री दयालदास बघेल, उद्योग मंत्री श्री लखन देवांगन, राजस्व मंत्री श्री टंक राम वर्मा, कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री श्री गुरु खुशवंत साहेब, विधायक श्री इंद्र कुमार साहू तथा छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम के अध्यक्ष श्री राजीव अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधिगण और नागरिक उपस्थित थे। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 'मन की बात' रेडियो कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्राकृतिक आपदाओं की घड़ी में देशवासियों द्वारा एक-दूसरे की सहायता करना भारत की असली ताकत है। उन्होंने कहा कि विपत्ति के समय जो सहयोग और एकजुटता दिखाई देती है, वही भारत की संस्कृति और सामूहिक चेतना को परिभाषित करती है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने अपने संबोधन में खेलों को न केवल स्वास्थ्य बल्कि आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का भी आधार बताया। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि खेलकूद में सक्रिय भागीदारी कर अपने जीवन और देश दोनों को ऊर्जावान बनाएं. मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने इस अवसर पर कहा कि 'मन की बात' हर माह प्रदेशवासियों को नई ऊर्जा और प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का 'मन की बात' रेडियो कार्यक्रम समाज के सभी वर्गों में सकारात्मक सोच और राष्ट्रीय चेतना को प्रबल करता है। मुख्यमंत्री ने हाल ही में अपने जापान और दक्षिण कोरिया प्रवास का उल्लेख करते हुए बताया कि कौशल विकास, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और इलेक्ट्रॉनिक्स से जुड़े क्षेत्रों में हुए सहयोग और निवेश से राज्य के युवाओं के लिए नए अवसर सृजित होंगे और छत्तीसगढ़ में कौशल विकास और रोजगार का नया अध्याय शुरू होगा। राज्य की रजत जयंती वर्ष का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि विकसित छत्तीसगढ़ का निर्माण तभी संभव है जब प्रत्येक नागरिक अपनी भूमिका ईमानदारी से निभाए। उन्होंने कहा कि सरकार और जनता के साझा प्रयासों से राज्य को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने अंत में कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी का संदेश हर नागरिक के लिए प्रेरणास्रोत है। हमें सामूहिक जनभागीदारी के साथ आगे बढ़ते हुए छत्तीसगढ़ को विकास और सुशासन की नई ऊँचाइयों पर ले जाना है।



### दीदी के गोठ रेडियो कार्यक्रम से महिलाओं को मिलेगी आत्मनिर्भरता की राह

ग्रामीण महिलाओं को शासन की योजनाओं से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के अंतर्गत 'दीदी के गोठ' रेडियो कार्यक्रम की शुरुआत की गई। जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन जनपद पंचायत सूरजपुर के सभाकक्ष में हुआ, जिसमें जिला पंचायत सीईओ श्री विजेंद्र सिंह पाटले विशेष रूप से शामिल हुए। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन 'बिहान' के नोडल अधिकारी श्री संतोष शर्मा, जनपद अध्यक्ष-उपाध्यक्ष, जिला पंचायत से दिलीप कुमार एक्का, मो. नसीम, माधुरी भंडारी, संकुल संगठन के पदाधिकारी, जनपद स्टाफ पीआरपी, कैडर एवं बड़ी संख्या में स्व-सहायता समूहों की दीदियां मौजूद थीं।

## संक्षिप्त समाचार

### ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल बनारी, जांजगीर में राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य पर विविध गतिविधि आयोजित



**जांजगीर-चांपा (समय दर्शन)।** ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल, बनारी, जाँजगीर में संस्था के संचालक श्री आलोक अग्रवाल एवं प्राचार्या श्रीमती सोनाली सिंह के निर्देशन में दिनाँक - 29 अगस्त 2025 को हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद जी की जयंती के अवसर पर विविध गतिविधि आयोजित किया गया। सर्वप्रथम प्रार्थना प्रांगण में संस्था के क्रीड़ा शिक्षकों द्वारा हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद जी के तैल्य चित्र पर फूल अर्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया गया। तत्पश्चात् क्रीड़ा शिक्षक आशीष राउत द्वारा मेजर ध्यानचंद जी के जीवनी के बारे में बताते हुए कहा कि वे असाधारण गेंद नियंत्रण गोल स्कोरिंग कौशल के लिये प्रसिद्ध है। उन्होंने भारतीय हॉकी को वैश्विक मानचित्र पर स्थापित किया और उनकी जन्मतिथि को भारत में राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर संस्था के विद्यार्थियों के लिये भिन्न-भिन्न खेल प्रतिस्पर्धा आयोजित करायी गई। जिसमें हाऊस वाइस बच्चें प्रतिभागी बने। विद्यार्थीगण उत्साह और साहस का परचम लहराते हुए विजयी हुए। सम्पूर्ण कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यार्थियों द्वारा किया गया।

### '' ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल बनारी, जांजगीर के नन्हे-मुन्हे विद्यार्थियों ने गणपति बप्पा के दर्शन किए''



**जांजगीर-चांपा (समय दर्शन)।** ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल, बनारी, जाँजगीर में संस्था के संचालक श्री आलोक अग्रवाल एवं प्राचार्या श्रीमती सोनाली सिंह जी के निर्देशन में दिनांक-30 अगस्त 2025 को बाल-वाटिका वर्ग में कक्षा-नर्सरी से कक्षा-दूसरी तक के नन्हे-मुन्हे बच्चों को भारतीय संस्कृति से अवगत कराने के उद्देश्य से जांजगीर स्थित विभिन्न गणेश पंडालों में विराजित भगवान श्री गणेश जी के दर्शन एवं वहाँ के झांकियों को दिखाया गया। सर्वप्रथम संस्था प्रागंण से शिक्षक-शिक्षिकाओं के सरक्षंण में बाल-वाटिका के विद्यार्थियों को सुरक्षित गणेश पंडालों तक पहुचाया गया। नन्हें-मुन्हें विद्यार्थियों ने कचहरी चौक स्थित श्री गणेश जी के दर्शन किए। कचहरी चौक का राजा के दर्शन करते हुए विद्यार्थी उत्साह एवं उमंग से झूम उठे, तथा गणेश जी के भक्तिमय गानों पर नृत्य भी किया। तत्पश्चात् वाला मोहल्ला गणेश पंडाल स्थित श्री गणेश जी का दर्शन कराया गया। वहाँ की झाकियों को देखकर नन्हें-मुन्हें विद्यार्थी उत्साहित हो उठे, प्रसाद स्वरूप उन्हें पोहा, जलेबी एवं चॉकलेट दिया गया। तत्पश्चात् उन्हें सुरक्षित स्कूल प्रागंण लाया गया। विद्यार्थी भगवान श्री गणेश जी के दर्शन करके उत्साहित नज़र आए। इस गतिविधि के सफल क्रियान्वयन में संस्था के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं, एडमिन स्टाफ एवं ग्राउंड स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

### छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव के अंतर्गत पामगढ़ जनपद में जन चौपाल का आयोजन



**जांजगीर-चांपा (समय दर्शन)।** छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव के अंतर्गत आज जनपद पंचायत पामगढ़ के ग्राम पंचायत कोसा एवं कोनार में जन चौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के हितग्राहियों को योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की गई एवं समय सीमा में आवास पूर्ण करने हेतु प्रेरित किया गया। कलेक्टर श्री जन्मेजय महोबे के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ श्री गोकुल कुमार रावटे के मार्गदर्शन में जिले में सतत रूप से प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना की गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। अधिकारियों को निरंतर मॉनिटरिंग करने तथा हितग्राहियों को जागरूक एवं प्रेरित करने के निर्देश दिए गए हैं। जन चौपाल के दौरान निर्माणाधीन आवासों का निरीक्षण किया गया। अपूर्ण आवास वाले हितग्राहियों को 20 अक्टूबर तक आवास पूर्ण करने हेतु प्रेरित किया गया, वहीं प्रथम किश्त प्राप्त करने वाले हितग्राहियों को शीघ्र ही आवास निर्माण प्रारंभ कर समय पर पूर्ण करने कहा गया। इसके साथ ही हितग्राहियों द्वारा आवास निर्माण में आ रही समस्याओं का समाधान भी मौके पर किया गया।

# युवाओं को उज्जवल भविष्य सवारने का अवसर, रानी तराई कालेज में दीक्षारंभ 2025 का आयोजन




**पाटन (समय दर्शन)।** युवाओं को उज्जवल भविष्य सवारने का अवसर राष्ट्रीय शिक्षा नीति में छात्र स्वरोजगार प्रारंभ कर कई युवाओं को रोजगार दे सकता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 युवाओं को उज्जवल भविष्य संवारने का अवसर प्रदान करेगा। छात्र-छात्राएं इसका लाभ लेकर युवाओं को विकास के पथ पर आगे बढ़ सके। युवा मोबाइल का नशा बिल्कुल ना करें, नशा कर अपने पढ़ाई का, नशा कर अपने जज्बातों का, नशा करें आगे बढ़ने का और अपने लक्ष्य को प्राप्त करें।

उपरोक्त विचार स्व. रामचंद्र साहू शासकीय महाविद्यालय रानीतराई में दीक्षारंभ 2025 समारोह के मुख्य अतिथि श्री निर्मल जैन (अध्यक्ष जन भागीदारी विकास समिति) ने व्यक्त किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्राचार्य डॉ अरुण कुमार मिश्रा ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अध्यक्षता प्राचार्य डॉ अरुण कुमार मिश्रा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की रूपरेखा प्रस्तुत किया विशेष अतिथि श्री सत्यनारायण टिकरिया (सरपंच ग्राम पंचायत रानीतराई) उपस्थित थे। विशेष अतिथि श्रीमती प्रियालता महिपाल, सरपंच (ग्राम औसर) ने अपने व्यक्तत्व में कहा राष्ट्रीय शिक्षा नीति से आप केवल ज्ञान प्राप्त नहीं, बल्कि व्यक्तित्व बनाने का जरिया है जिससे परिवार समाज और राष्ट्र का विकास आगे बढ़ सके। विशेष अतिथि श्री भविष्य जैन (विधायक प्रतिनिधि) ने अपने व्यक्तत्व में कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति रोजगार मुखी पाठ्यक्रम है इसमें आपको सैद्धांतिक शिक्षा के साथ व्यवहारिक शिक्षा का अवसर प्रदान करता है। कार्यक्रम के संचालन डॉ रेश्मी वासनीकर एवं आभार व्यक्त श्री चंदन गोस्वामी ने किया ।

कार्यक्रम की द्वितीय सत्र में श्री चंदन गोस्वामी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति की रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए कला संकाय की करिकुलम की बारे में सविस्तार पूर्वक बताया। डॉ.रश्मी वासनीकर ने वाणिज्य संकाय के करिकुलम के बारे में जानकारी दिया एवं बताया कि त्रश्व विषय में कला संकाय, विज्ञान संकाय या वाणिज्य संकाय के एक विषय अनिवार्य रूप से चयन करना है। सुश्री भारती गायकवाड ने विज्ञान संकाय के करिकुलम के बारे में जानकारी दिया। इसके साथ DSC, VAC में क्रेडिट के बारे में, कोर्सेज करिकुलम फ्रेमवर्क के बारे में सविस्तार जानकारी दिया। श्रीमती शगुफ्ता सिद्दीकी ने असाइनमेंट और इंटरनल परीक्षा के बारे में जानकारी दिया श्वष्ट (अंग्रेजी भाषा हिंदी भाषा और पर्यावरण अध्ययन) में संचालित करिकुलम के बारे में सविस्तार जानकारी दिया। श्रीमती अंबिका ठाकुर बर्मन CCFUP , मल्टी डिसीप्लिनरी कोर्स के बारे में जानकारी देते हुए DSC, DSE, GE, AEC, SEC, VAC इंटर्नशिप/अप्रेंटिसशिप के बारे में विस्तृत जानकारी दिया। श्रीमती आराधना देवांगन ने मल्टी डिसीप्लिनरी अध्ययन कोर्स के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर में उत्तीर्ण करने पर प्रमाण पत्र, तृतीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर 3 करने पर डिप्लोमा तथा पांचवी एवं छठे सेमेस्टर उत्तीर्ण करने पर डिग्री मिलेगा इसके साथ ही साथ में और आठवें सेमेस्टर के साथ ऑनलाइन सर्टिफिकेट कोर्स करने पर ऑनर्स रिसर्च की डिग्री मिलेगी। सुश्री रेणुका वर्मा (कार्यक्रम अधिकारी) राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को ढांचे के माध्यम से समझाया और सुक्ष्म पहलुओं पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम में अभिभावक एवं श्री टीकेश्वर कुमार पाटिल, सुश्री शिखा मड़रिया, श्री वेणु कुमार साहू, NEP एम्बेसडर दुष्यंत, डाली ,श्रेया, केंवरा साहू, अविनाश शुक्ला एवं महाविद्यालय के आय छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# ग्रामीण महिलाओं के सशक्तिकरण की नई पहल 'दीदी के गोठ' रेडियो कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ




### बिहान दीदियों ने अपनी सफलता की कहानी और बिहान से जुड़ने के बाद जीवन में आए बदलाव की कहानियां साझा की

### प्रेरणादायी कहानियाँ ग्रामीण महिलाओं के लिए बनेंगी हौसला और ऊर्जा का स्रोत

**जांजगीर-चांपा (समय दर्शन)/** ग्रामीण अंचलों की महिलाओं को आत्मनिर्भरता और स्वावलंबन की राह पर आगे बढ़ाने के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के अंतर्गत रेडियो कार्यक्रम 'दीदी के गोठ' का आज शुभारंभ किया गया।जिला स्तरीय 'दीदी के गोठ' कार्यक्रम का आयोजन जिला पंचायत सभाकक्ष जांजगीर में किया गया।इस अवसर पर पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के विशेष सचिव श्री धर्मेश साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सत्यलता आनंद मिरी,जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री गगन जयपुरिया, जिला पंचायत सदस्य श्री राजकुमार साहू, श्रीमती प्रियंका सिंह, श्रीमती मोहन कुमारी साहू, जिला पंचायत सीईओ श्री गोकुल रावटे , उप संचालक पंचायत श्री अभिमन्यु साहू सहित अधिकारी-कर्मचारी एवं स्व-सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित थीं।कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री विजय शर्मा का ग्रामीण महिलाओं के नाम संदेश दिया।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के विशेष सचिव श्री धर्मेश साहू ने उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के लखपति दीदी के सपने को साकार करने की दिशा में यह कार्यक्रम महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि समूह की महिलाएं सफल दीदियों की कहानियों से प्रेरणा लेकर उनका अनुसरण करें और आगे बढ़ें। श्री साहू ने महिलाओं को स्व-सहायता समूहों से जुड़ने तथा आजीविका मूलक गतिविधियों में सहभागिता करने की अपील की, ताकि उनकी आर्थिक स्थिति और अधिक मजबूत हो सके।

इस अवसर पर श्रीमती रजनी नोर्गे, कामिनी सिंह, गगीता सिंह, सुखमती दिवाकर और लक्ष्मी कश्यप ने अपनी आजीविका और आत्मनिर्भरता की प्रेरक कहानी साझा कर महिलाओं को प्रेरित किये। इसी के साथ 'दीदी के गोठ' और 'मन की बात' कार्यक्रम जिले के सभी जनपद एवं क्लस्टरों में सुना गया। 'दीदी के गोठ' रेडियो प्रसारण के माध्यम से इन प्रेरणादायी कहानियों को हर गाँव और हर घर तक पहुँचाने का लक्ष्य रखा गया है। इससे ग्रामीण महिलाओं को नई ऊर्जा, हौसला और आत्मनिर्भरता की राह पर आगे बढ़ने का मार्गदर्शन मिलेगा।

# ग्रामीण ताईक्वांडो खिलाड़ियों की उपमुख्यमंत्री अरुण साव से सौजन्य मुलाकात



**डोंगरगढ़ (समय दर्शन)।** ग्रामीण अंचल के प्रतिभाशाली ताईक्वांडो खिलाड़ियों ने भाजपा नेता विवेक मोनू भंडारी के नेतृत्व में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और खेल मंत्री अरुण साव से सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान खिलाड़ियों ने अपनी खेल उपलब्धियों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र में खेल सुविधाओं के अभाव से संबंधित समस्याओं को मंत्री अरुण साव के समक्ष रखा।

खिलाड़ियों ने बताया कि कैसे उन्हें उचित प्रशिक्षण सुविधाएं और संसाधन नहीं मिल पा रहे हैं, जिसके चलते उनकी क्षमता पूरी तरह से निखर नहीं पा रही। इस अवसर पर ताईक्वांडो खिलाड़ियों में हिना उजवाने, राधिका यादव, रागिनी कंवर, संजना निषाद, राजेंद्र कंवर, डी. होमेश राव, अंश उजवाने जैसे युवा खिलाड़ी उपस्थित थे। खिलाड़ियों के कोच गौतम लीलहारे और कराटे नेशनल चैम्पियन विकास सहारे भी मुलाकात में शामिल हुए।

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने खिलाड़ियों से आत्मीय संवाद करते हुए उनके संघर्ष और जज़्बे की सराहना की। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी हुई खेल प्रतिभाओं को पूरी पहचान और सुविधाएं दी जाएंगी। इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों को भोजन भी कराया। खिलाड़ियों ने यह भी बताया कि एक दिन पहले ही उन्होंने भाजपा नेता विवेक मोनू भंडारी से अपनी समस्याएं साझा की थीं और अगले ही दिन मंत्री से मुलाकात का अवसर मिला। इस पर उन्होंने विवेक मोनू भंडारी का आभार व्यक्त किया।

भाजपा नेता विवेक मोनू भंडारी ने इस मौके पर कहा कि यदि ग्रामीण क्षेत्रों में खिलाड़ियों को सही मार्गदर्शन और संसाधन मिलें, तो वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का नाम रोशन कर सकते हैं। उन्होंने उपमुख्यमंत्री अरुण साव को खेल मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार मिलने पर राजनांदगांव जिला संघ की ओर से स्वागत भी किया।

उपमुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि ग्रामीण क्षेत्रों में खेल अवसंरचना और संसाधनों के विकास के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे।

# रायपुर में आयोजित स्पोर्ट्स साइंस कार्यशाला में पटरी पार के हॉकी खिलाड़ियों की ऐतिहासिक उपस्थिति




**राजनांदगांव (समय दर्शन)।** छत्तीसगढ़ की पटरी पार क्षेत्र के हॉकी खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर रायपुर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित स्पोर्ट्स साइंस कार्यशाला में हिस्सा लिया। इस ऐतिहासिक सेमिनार का आयोजन छत्तीसगढ़ शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा किया गया था, जिसमें देशभर के प्रमुख खेल विशेषज्ञों, न्यूट्रिशनिस्ट और स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग कोच ने खिलाड़ियों को खेल चिकित्सा, पोषण, मानसिक स्वास्थ्य और करियर गाइडेंस पर महत्वपूर्ण टिप्स दिए।

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री और खेल मंत्री अरुण साव, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे, क्रिकेटर शशांक सिंह, बैडमिंटन खिलाड़ी श्रेयांश जायसवाल और फुटबॉल खिलाड़ी किरण पिसदा जैसे सम्मानित अतिथि भी उपस्थित थे।

मंच पर अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे की उपस्थिति से पटरी पार क्षेत्र के खिलाड़ियों में उत्साह और जोश का संचार हुआ। उन्होंने अपने संबोधन में छत्तीसगढ़ के खेल मैदानों की तारीफ करते हुए खिलाड़ियों को कड़ी मेहनत और इन मैदानों का पूरा उपयोग करने का आह्वान किया। इसके साथ ही, उन्होंने खिलाड़ियों के लिए रोजगार के नए अवसरों पर भी प्रकाश डाला।

कार्यक्रम के दौरान, खिलाड़ियों को मंच पर मौजूद अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों से सवाल पूछने का भी अवसर मिला, जिससे उनकी उत्सुकता और ज्ञानवर्धन हुआ।

पटरी पार क्षेत्र के खिलाड़ियों को सेमिनार के लिए रवाना करने से पहले वरिष्ठ पार्षद शिव वर्मा और कन्हैया सुनील साहू ने उन्हें हरी झंडी दिखाई। इसके साथ ही, क्षेत्र की महिलाओं ने खिलाड़ियों को तिलक और आरती कर शुभकामनाएँ दीं।

इस ऐतिहासिक सेमिनार में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। यह आयोजन इतिहास में पहली बार हुआ, जब पटरी पार क्षेत्र के सैकड़ों खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर के स्पोर्ट्स साइंस सेमिनार में शामिल हुए और खेल विज्ञान तथा फिटनेस के महत्व को समझा।

इसके अलावा, छत्तीसगढ़ हॉकी के निर्देशानुसार रुद्राक्षम् वेलफेयर सोसाइटी द्वारा पटरी पार क्षेत्र के चिखली स्कूल में तीन दिवसीय खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव की शुरुआत फिटनेस जागरूकता रैली से हुई, जिसमें खिलाड़ियों ने पटरी पार क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में भ्रमण कर लोगों को फिट रहने की अपील की। फिट इंडिया तो हिट इंडिया और मेजर ध्यानचंद अमर रहें जैसे नारे गूंजते रहे। रैली के बाद मेजर ध्यानचंद जी की जीवनी पर संगोष्ठी का आयोजन भी किया गया, जिसमें खिलाड़ियों ने फिट रहने की शपथ ली।

यह कार्यक्रम पटरी पार क्षेत्र के खिलाड़ियों के लिए एक ऐतिहासिक अवसर साबित हुआ, जिससे उन्होंने खेल विज्ञान, फिटनेस और मानसिक स्वास्थ्य के महत्व को और बेहतर तरीके से समझा।

# गढ़फुलझर में अल्पसंख्यक आयोग अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा का आत्मीय स्वागत

## गुरुद्वारा साहेब गढ़फुलझर में मत्था टेककर प्रदेशवासियों के सुख समृद्धि की कामना की

### अल्प संख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत छाबड़ा का ऐतिहासिक स्थल व पुरातात्विक नगरी नानकसर गढ़फुलझर प्रवास



**बसना( समय दर्शन )।** छत्तीसगढ़ राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष सरदार अमरजीत सिंह छाबड़ा का एकदिवसीय प्रवास शुक्रवार को गढ़फुलझर में हुआ। इस अवसर पर उन्होंने ग्राम स्थित पुरातन गुरुनानक गुरुद्वारा साहेब में मत्था टेककर प्रदेश व क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की।

अध्यक्ष छाबड़ा जी का बसना विधानसभा से विशेष आत्मीय संबंध रहा है। वे लंबे समय तक भाजपा के बसना विधानसभा प्रभारी के रूप में कार्य कर चुके हैं। विधानसभा एवं लोकसभा चुनावों के दौरान उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक मजबूती और मार्गदर्शन प्रदान किया। इसी कारण बसना क्षेत्र के कार्यकर्ताओं में उनके प्रति गहरा सम्मान और लगाव है।

गुरुद्वारा साहेब परिसर में पहुंचने पर समाजजन, भाजपा कार्यकर्ता और ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और सभी ने उनका आत्मीय स्वागत किया। मंडप में पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र भेंट कर उनका अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर भाजपा मंडल गढ़फुलझर के अध्यक्ष एवं उनकी पूरी टीम, गुरुद्वारा कमेटी के सदस्य और स्थानीय गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा ने अपने उद्बोधन में कहा कि, गढ़फुलझर का यह गुरुद्वारा ऐतिहासिक महत्व रखता है। बताया जाता है कि गुरु नानक देव जी जगन्नाथपुरी यात्रा के दौरान इस स्थान पर दो दिन तक रुके थे। आज भी गुरुनानकदेव जी के नाम पर यहां भूमि दर्ज है, जो हमारे लिए गौरव का विषय है।

उन्होंने यह भी जानकारी दी कि गढ़फुलझर में लगभग 12 एकड़ भूमि में विशाल गुरुद्वारा निर्माण की योजना बनाई जा रही है। इस दिशा में आवश्यक कार्यवाही और शासन-प्रशासन को अवगत करवाने की बात भी उन्होंने कही। उन्होंने कहा कि यह परियोजना न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण होगी, बल्कि पर्यटन और सांस्कृतिक दृष्टि से भी क्षेत्र के विकास में योगदान देगी। छाबड़ा जी ने अपने संबोधन में कहा कि बसना विधानसभा उनके दिल के बेहद करीब है। यहां के लोगों का स्नेह, सहयोग और विश्वास हमेशा उन्हें प्रेरित करता रहा है। उन्होंने कहा कि आगे भी वे समाज और संगठन के लिए समर्पित भाव से कार्य करते रहेंगे।

इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने भी उनके मार्गदर्शन को याद करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में भाजपा मण्डल गढ़फुलझर के अध्यक्ष नरहरि पोर्ते, प्रहलाद साहू, निमित्त साहू, कमलेश साव, भोज कुमार साव, मीडिया प्रभारी नवीन कुमार साव, सुरेश साहू, कार्यक्रम में प्रमुख रूप से गुरद्वारा श्री नानकसर साहिब के प्रधान हरजिंदर सिंह हरजु, रिंकू ओबेरॉय, बल्लू वीर जी, पत्रकार रोमी सलूजा, हरपाल सिंह, मंजीत सिंह रायपुर, गुहराम बंजारा, सरपंच श्रीमती हरप्रीत कौर हरजु, महिपाल सिंह जटाल, जगपाल सिंह जटाल, जितेंद्र सिंह, बंटी ललित सिंह, सतपाल सिंह, जसपाल सिंह, अवतार सिंह, मनमोहन दास वैष्णव , दुष्यंत पांडे, द्वारका पांडे, खैरा रविंदर कौर , दलजीत कौर, सरोज कौर, कुलदीप कौर, सिमरन कौर, मुस्कान कौर ,तनवीर कौर, प्रीतम कौर, सहित जन उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय खेल दिवस आयोजन में शामिल हुए उप मुख्यमंत्री

# खेलों में भी हासिल करना है 'छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया' का दर्जा : अरुण साव

**रायपुर (समय दर्शन)।** उप मुख्यमंत्री तथा खेलकूद एवं युवा कल्याण मंत्री अरुण साव आज राजधानी रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में राष्ट्रीय खेल दिवस के आयोजन में शामिल हुए। 'हॉकी के जादूगर' के नाम से मशहूर मेजर ध्यानचंद की जयंती पर पूरे देश में आज राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जा रहा है। कार्यक्रम में उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर उनका पुण्य स्मरण किया गया। राष्ट्रीय खेल दिवस पर विविध आयोजनों के बीच उप मुख्यमंत्री अरुण साव के आह्वान पर खिलाड़ियों ने 'हर गली हर मैदान, खेले सारा हिंदुस्तान' के जोरदार नारे से पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम को गूंजा दिया।




उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कार्यक्रम में रायपुर प्रीमियर लीग के आयोजन की घोषणा की। उन्होंने कहा कि सभी संभागीय मुख्यालयों में इसके आयोजन के प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने ऑडिटोरियम में मौजूद सभी लोगों को फिट रहने के लिए मैदान पर जाकर खेल खेलने और इसके लिए दूसरों को भी प्रेरित करने की शपथ दिलाई। श्री साव और अन्य अतिथियों ने राज्य में खेल आयोजनों, खेल अलंकरण, युवा महोत्सव, खेल की सुविधाओं तथा खेलकूद एवं युवा कल्याण विभाग की योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। सांसद बृजमोहन अग्रवाल, राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हॉकी खिलाड़ी श्री मृणाल चौबे, बैडमिंटन खिलाड़ी श्रेयांश जायसवाल, फुटबाल खिलाड़ी सुश्री किरण पिस्दा और आईपीएल क्रिकेटर शशांक सिंह भी राष्ट्रीय खेल दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए।

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कार्यक्रम में खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल के मैदान में पूरे मनोयोग से उतरें, पूरे जोश और जज्बे के साथ खेलें। मैदान पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को मान-सम्मान, करियर, नौकरी, धन सभी प्राप्त होता है। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल की नई तकनीकों और उपकरणों से अपडेट रहने तथा अपनी फिटनेस व खेल सुधारने के लिए इनका उपयोग करने को कहा। उन्होंने खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि खेल के क्षेत्र में भी पूरा देश 'छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया' कहे, इसके लिए मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दें।

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि खिलाड़ियों को जज्बे और जुनून से परिपूर्ण होना चाहिए। राज्य सरकार और केंद्र सरकार 'खेलो इंडिया' और 'फिट इंडिया' के माध्यम से खेल और खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में स्कूलों और छात्रावासों से समन्वय बनाकर खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारकर उन्हें निचले स्तर से राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ले जाने की योजना है। श्री साव ने कहा कि फिट रहने के लिए हर व्यक्ति को रोज कम से कम एक घंटा कोई न कोई खेल खेलना चाहिए।

सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि स्वस्थ रहने के लिए खेलना जरूरी है। उन्होंने स्कूलों और कॉलेजों के बच्चों को मैदान में खेलने के लिए उतरने को कहा। खेलना, इनाम और पदक जीतने से ज्यादा महत्वपूर्ण है। श्री अग्रवाल ने बताया कि 'फिट इंडिया' मुहिम के तहत सभी सांसदों को खेलों का आयोजन करना है। वे इस आयोजन में रायपुर और बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के दस हजार खिलाड़ियों को शामिल करने जा रहे हैं। इसके तहत 12 खेल होंगे। विकासखंड स्तर पर होने वाले इन आयोजनों में स्थानीय खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने के अवसर मिलेंगे। कार्यक्रम में 21 सितम्बर से 25 दिसम्बर तक आयोजित होने वाले 'सांसद खेल महोत्स'व का लोगो भी जारी किया गया।

## अंतर्राष्ट्रीय ड्रग नेटवर्क का मुख्य सप्लायर रूपिन्दर सिंह उर्फ 'पाबलो' गिरफ्तार



**रायपुर (समय दर्शन)।** रायपुर पुलिस ने नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे ऑपरेशन निश्चय के तहत बड़ी सफलता हासिल की है। अंतर्राष्ट्रीय ड्रग्स नेटवर्क से जुड़े छत्तीसगढ़ के प्रमुख सप्लायर रूपिन्दर सिंह उर्फ पिन्दर उर्फ पाबलो को पुलिस ने रायपुर के कबीरनगर थाना क्षेत्र के वीर सावरकर नगर स्थित बंगाली होटल के पास से हेरोइन (चिट्टा) के साथ दबोच लिया।

**पाकिस्तान से होती थी सप्लाई**- पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी को पाकिस्तान से पंजाब के रास्ते हेरोइन की खेप मिलती थी, जिसे वह छत्तीसगढ़ लाकर रायपुर, बिलासपुर और धमतरी समेत कई जिलों में सप्लाई करता था। आरोपी नेटवर्क संचालन के लिए विभिन्न छद्म नामों, अंतर्राष्ट्रीय वर्चुअल नंबरों और व्हाट्सएप कॉलिंग का सहारा लेता था।

**भारी मात्रा में ड्रग्स और हथियार बरामद**- गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने आरोपी के पास से 91 ग्राम अफीम, 87 ग्राम हेरोइन (चिट्टा), एक देशी पिस्टल और 82 जिंदा कारतूस, चार मोबाइल फोन बरामद किए हैं। जब्त सामग्री की कुल कीमत करीब 35 लाख रुपये आंकी गई है।

**अब तक 42 आरोपी गिरफ्तार**- ऑपरेशन निश्चय के तहत अब तक इस नेटवर्क से जुड़े 42 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है और करीब 2 करोड़ 11 लाख रुपये का हेरोइन बरामद किया गया है। रायपुर पुलिस की एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट तथा कबीरनगर थाना टीम की इस कार्रवाई को बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।

**परिवार तक फैला नेटवर्क**- आरोपी रूपिन्दर सिंह की मां रानो ढिल्लन को भी पहले से दर्ज आमानाका थाना प्रकरण में गिरफ्तार किया गया है। वहीं इस मामले में नौशाद खान, मोहम्मद खान और अरबाज खान को भी एनडीपीएस एक्ट के तहत पकड़ा गया है।

**पहले भी रह चुका है जेल**- मुख्य आरोपी रूपिन्दर सिंह पहले भी रायपुर में नारकोटिक एक्ट और पंजाब में आर्म्स एक्ट के मामलों में जेल जा चुका है। कई मामलों में फरार रहने के कारण पुलिस अब उस पर सख्त निगरानी रख रही है।

**पुलिस का सख्त संदेश**- आईजी अमरेश मिश्रा और एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह ने कहा है कि नशे के कारोबारियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। अंतर्राज्यीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जुड़े ऐसे नेटवर्क को जड़ से खत्म करने की कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

## किसान समृद्ध होंगे तो देश खुशहाल होगा : कृषि मंत्री नेताम

**रायपुर (समय दर्शन)।** कृषि विकास एवं किसान कल्याण मंत्री राम विचार नेताम शुक्रवार को भगवान बलराम जयंती (कृषक दिवस) पर इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कृषक सभागार में आयोजित कृषक सम्मेलन में शामिल हुए। उन्होंने किसानों एवं प्रदेशवासियों को भगवान बलराम जयंती की बधाई और शुभकामनाएं दी। मंत्री नेताम ने कहा कि भगवान बलराम खेती किसानी के देवता है। किसान भाइयों के लिए यह अवसर ऐतिहासिक और गौरव का क्षण है। उन्होंने कहा कि किसान समृद्ध, संपन्न और सक्षम होंगे तो निश्चित ही देश और प्रदेश खुशहाल होगा। उन्होंने किसानों को जैविक खेती करने और देशी किस्मों को बचाने की अपील की। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान उन्नत किसानों को विभागीय योजनाओं के तहत अनुदान राशि का चेक एवं उपकरण प्रदान किए। सम्मेलन में प्राकृतिक खेती, गो कृषि वाणिज्यम एवं तिलहन उत्पादन पर भी विचार मंथन किया गया। मंत्री नेताम ने कहा कि




किसानों की समृद्धि के लिए प्राकृतिक खेती और पशुपालन का समन्वय समय की मांग है। किसानों को धान की खेती के साथ ही कम खाद व पानी में अधिक उत्पादन वाले खेती की ओर आगे बढ़ने के जरूरत है, ताकि किसानों की आय दुगुनी हो और वे सक्षम व संपन्न कृषक बने। उन्होंने किसानों को फूलों, फलों, मसालों तथा औषधीय गुणों वाले खेती किसानी को अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भगवान बलराम की कृपा से पूरे प्रदेश के अच्छी बारिश हुई है। फसल भी अच्छा होगा। उन्होंने कहा कि कृषि तकनीक को अपनाते हुए कृषि वैज्ञानिकों के सहयोग से खेती किसानी को लाभकारी बनाएं। कौशल विकास मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए किसानों से जैव विविधता के संरक्षण का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि किसान ऊर्जावान और ज्ञानवान है, फिर भी जहां जरूरत पड़े किसानों को कौशल विकास एवं तकनीक के क्षेत्र में राज्य सरकार द्वारा हर संभव मदद दिया जाएगा।उन्होंने कहा कि परिश्रम से ही समृद्धि है धरती मां की सेवा करने की प्रेरणा भगवान बलराम से मिलती है। कार्यक्रम को महात्मा गांधी वानिकी एवं उद्यानिकी विश्वविद्यालय के कुलपति रविरतन सक्सेना, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में प्रदेशभर से आए किसान प्रतिनिधियों ने भी अपने अनुभव साझा किए। किसानों ने कहा कि प्राकृतिक खेती और जैविक विधियों से उत्पादन लागत घट रही है और मिट्टी की उर्वरता बढ़ रही है।

## सहकारिता आयुक्त कुलदीप शर्मा ने जिला सहकारी केंद्रीय बैंक जगदलपुर का किया औचक निरीक्षण

**रायपुर (समय दर्शन)।** सहकारिता विभाग के आयुक्त श्री कुलदीप शर्मा ने आज जगदलपुर प्रवास के दौरान जिला सहकारी केंद्रीय बैंक का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने इस दौरान बैंक में उपस्थित खातेदारों एवं हितग्राहियों से चर्चा कर बैंक द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। श्री शर्मा ने इस मौके पर 10 हितग्राहियों को ए.टी.एम. कार्ड प्रदान कर उन्हें डिजिटल लेनदेन हेतु प्रोत्साहित किया। आयुक्त श्री शर्मा ने सहकार से समृद्धि अभियान के अंतर्गत एक पेड़ माँ के नाम पर वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक उत्तरदायित्व का संदेश भी दिया।




निरीक्षण उपरांत श्री शर्मा ने अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने बैठक में पैक्स कम्प्यूटराईजेशन, प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र की स्थापना, कॉमन सर्विस सेंटर की कार्यप्रगति, माइक्रो एटीएम से ट्रांजेक्शन की स्थिति, नवीन दुग्ध, मत्स्य, महिला, बहुउद्देशीय समितियों के गठन, कृषक उत्पादक समिति की प्रगति की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

आयुक्त श्री शर्मा ने इसी प्रकार सहकारी संस्थाओं का अंकेक्षण एवं शुल्क वसूली, परिसमापनाधीन समितियों के अंतिम निराकरण की स्थिति तथा मुख्यालय से प्राप्त शिकायतों के प्रतिवेदन की स्थिति की समीक्षा करते हुए सरकार की मंशानुरूप सहकार से समृद्धि अभियान के लक्ष्यों को निर्धारित समयावधि में गुणवत्तापूर्ण रूप से पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

इस अवसर पर बस्तर संभाग के संयुक्त आयुक्त सहकारिता श्री बिनोद कुमार बुनकर सहित बस्तर और कांकेर जिले के उप आयुक्त, सहायक आयुक्त और जिला कोण्डागांव, दंतेवाड़ा, अपेक्स बैंक के प्रबंधक श्री अभिषेक तिवारी तथा संबंधित जिला स्थित बैंको के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, अतिरिक्त प्रबंधक व नोडल अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दक्षिण कोरिया प्रवास में

## ईवी चार्जिंग मैन्युफैक्चरिंग, रेलवे अधोसंरचना और तकनीकी हस्तांतरण से राज्य की स्वच्छ ऊर्जा व लॉजिस्टिक्स क्षमता को मिलेगी नई गति

**रायपुर (समय दर्शन)।**

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने अपने दक्षिण कोरिया प्रवास के दौरान ग्रीन मोबिलिटी सॉल्यूशंस की अग्रणी कंपनी ModernTech Corp. और रेल रखरखाव समाधानों की प्रमुख कोरियाई कंपनी UNECORAIL को छत्तीसगढ़ में निवेश और सहयोग के लिए आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देना, सतत परिवहन अधोसंरचना का निर्माण करना और रेलवे नेटवर्क को मज़बूत बनाना है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इन दोनों कंपनियों के साथ साझेदारी से छत्तीसगढ़ की स्वच्छ ऊर्जा यात्रा और लॉजिस्टिक्स बैकबोन को नई गति मिलेगी।



मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने ग्रीन मोबिलिटी सॉल्यूशंस की अग्रणी कंपनी ModernTech Corp. को छत्तीसगढ़ में निवेश के लिए आमंत्रित कर कंपनी को प्रदेश में अत्याधुनिक ईवी चार्जिंग मैन्युफैक्चरिंग यूनिट स्थापित करने का प्रस्ताव देते हुए कहा कि यह परियोजना राज्य को स्वच्छ ऊर्जा और सतत परिवहन अधोसंरचना के क्षेत्र में नई पहचान दिलाएगी।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार की औद्योगिक नीति 2024ङ्क30, हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने और कार्बन उत्सर्जन कम करने के लक्ष्यों के अनुरूप है। उन्होंने कहा— छत्तीसगढ़ में ईवी चार्जिंग मैन्युफैक्चरिंग यूनिट की स्थापना से न केवल स्वच्छ ऊर्जा लक्ष्यों को बल मिलेगा, बल्कि प्रदेश की जनता को बेहतर और आधुनिक परिवहन अवसंरचना भी उपलब्ध होगी। यह पहल भविष्य की पीढ़ियों को स्वच्छ पर्यावरण का उपहार देने की दिशा में एक बड़ा कदम साबित होगी। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि इस निवेश से स्थानीय युवाओं के लिए व्यापक रोज़गार अवसर सृजित होंगे, राज्य में हरित तकनीकी कौशल का विकास होगा और ग्रामीण-शहरी क्षेत्रों में सतत परिवहन नेटवर्क को गति मिलेगी। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि ModernTech Corp. का अनुभव और विशेषज्ञता छत्तीसगढ़ की ऊर्जा संक्रमण यात्रा को तेज़ करेगी। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने बताया कि प्रस्तावित परियोजना से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से हजारों लोगों को रोजगार मिलेगा तथा स्थानीय स्तर पर घटक निर्माण इकाइयों को भी बढ़ावा मिलेगा। इससे छत्तीसगढ़ हरित ऊर्जा के क्षेत्र में एक उभरते हुए राष्ट्रीय हब के रूप में स्थापित होगा। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने ModernTech Corp. के प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि राज्य सरकार निवेशकों को हर संभव सहयोग प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि प्रक्रियाओं को सरल और पारदर्शी बनाया गया है, ताकि निवेशक बिना किसी बाधा के अपने प्रोजेक्ट को शीघ्रता से क्रियान्वित कर सकें। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने दक्षिण कोरिया प्रवास के दौरान UNECORAIL के सीईओ श्री डोंग पिल पार्क से मुलाकात की। यह कंपनी कोरिया की अग्रणी रेल मेंटेनेंस समाधान प्रदाता है। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री और कंपनी के प्रतिनिधियों के बीच स्थानीय मैन्युफैक्चरिंग, तकनीकी हस्तांतरण और रेलवे अधोसंरचना विकास में सहयोग की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ की तेज़ी से बढ़ती औद्योगिक और लॉजिस्टिक आवश्यकताओं को देखते हुए रेलवे क्षेत्र में अत्याधुनिक समाधान बेहद अहम हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने विश्वास व्यक्त किया कि UNECORAIL के अनुभव और विशेषज्ञता से राज्य में रेलवे नेटवर्क को सुदृढ़ करने, रखरखाव को बेहतर बनाने और लॉजिस्टिक्स बैकबोन को मजबूत करने में नई दिशा मिलेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### कृषि मंत्री ने की मनोहर गौशाला में होने वाले कार्यों की सराहना



**रायपुर (समय दर्शन)।** भगवान बलराम जयंती पर इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में किसान दिवस मनाया गया। इस दौरान यहां के कृषक सभागार में कृषक सम्मेलन आयोजित किया गया। इसमें बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कृषि विकास एवं किसान कल्याण मंत्री राम विचार नेताम थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में कौशल विकास मंत्री गुरु खुशवंत साहेब मौजूद थे। इस सम्मेलन में मनोहर गौशाला के ट्रस्टी डॉ. अखिल जैन (पदम डाकलिया) को भी किसानों को प्रशिक्षित करने आमंत्रित किया गया था। इस दौरान कृषि मंत्री ने मनोहर गौशाला में होने वाले कार्यों की सराहना की। साथ ही यहां होने वाले रिसर्च पर जैन को बधाई दी। कार्यक्रम में मनोहर गौशाला के ट्रस्टी ने अतिथियों को फसल अमृत और आर्गेनिक गोल्ड प्रदान किया। इस मौके पर महात्मा गांधी वानिकी एवं उद्यानिकी विश्वविद्यालय के कुलपति रविरतन सक्सेना, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल, रिसर्च ऑफडायरेक्टर डॉ. विवेक त्रिपाठी, कृषि उत्पादन आयुक्त शहला निगार, संचालक राहुल देव बीज एवं कृषि विकास निगम के प्रबंध संचालक अजय अग्रवाल सहित कृषि वैज्ञानिक, कृषि क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञ, किसान व विभिन्न किसान संघों से जुड़े पदाधिकारी मौजूद थे।

### अवैध कबाड़ी संचालकों के खिलाफकार्रवाई की मांग, युवा कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन



**रायपुर (समय दर्शन)।** रायपुर जिला युवा कांग्रेस और बीरगांव मंडल ने शहर में चल रहे अवैध कबाड़खानों के खिलाफकठोर कार्रवाई की मांग करते हुए शहर उपपुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि उरला, बीरगांव, सरोरा सहित कई इलाकों में अवैध कबाड़खाने बड़े पैमाने पर संचालित हो रहे हैं। इन जगहों पर ट्रक कटिंग और चोरी की संपत्ति का क्रय-विक्रय जैसी गतिविधियां खुलेआम हो रही हैं। इससे क्षेत्र में चोरी और संगठित अपराधों में वृद्धि हुई है और आम नागरिकों में भय एवं असुरक्षा का वातावरण फैल गया है। युवा कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि इस मुद्दे पर पूर्व में भी कई बार शिकायतें की गईं, लेकिन पुलिस प्रशासन की ओर से प्रभावी कार्रवाई न होने से अवैध कारोबारियों का मनोबल बढ़ा हुआ है और वे आपराधिक प्रवृत्तियों को बढ़ावा दे रहे हैं।

**ज्ञापन में तीन प्रमुख मांगें रखी गईं—** तीन दिनों के भीतर अवैध कबाड़ गतिविधियों पर तत्काल प्रतिबंध लगाया जाए। दोषियों पर भारतीय दंड संहिता व अन्य प्रासंगिक कानूनों के तहत कठोर कार्रवाई की जाए।

**क्षेत्र में कानून-व्यवस्था और शांति सुनिश्चित की जाए**- जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष विनोद कश्यप ने चेतावनी दी कि यदि तीन दिन के भीतर कार्रवाई नहीं होती है तो संगठन उग्र जनांदोलन करने बाध्य होगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन की होगी। आज के इस कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष ज्वाला गोस्वामी, वैभव पांडेय, रोशन यादव, फरदीन खोखर, जानु भार्गव, भटकेश्वर वैष्णव, जीत निर्मलकर, श्रेयांश शुक्ला, मुनेश गौतम समेत बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### एचडीएफसी बैंक परिवर्तन अब तक खेलों के माध्यम से 5000 व्यक्तियों को प्रभावित कर चुका

**मुंबई, :** हॉकी के दिग्गज मेजर ध्यानचंद के सम्मान में मनाए जाने वाले राष्ट्रीय खेल दिवस पर, एचडीएफसी बैंक परिवर्तन प्रेरणा और उत्थान के लिए खेल की शक्ति का जश्न मना रहा है। बैंक की कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पहल 38 महिला एथलीटों को उनके सपनों को साकार करने में मदद के साथ साथ स्थानीय खेल सुविधाओं में सुधार और अधिक युवाओं को खेलों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। बैंक अब तक खेलों के माध्यम से 5000 से अधिक व्यक्तियों को प्रभावित कर चुका है।

एथलीटों का समर्थन - एचडीएफसी बैंक ने गोस्पोर्ट्स फाउंडेशन के साथ अपनी साझेदारी के माध्यम से महिला एथलीटों को सशक्त बनाने के लिए 2022 में अनस्टॉपेबल - करके दिखाऊँगी (यूकेडी) कार्यक्रम शुरू किया। यूकेडी कार्यक्रम ने 2022 में अपनी शुरुआत के बाद से छह खेलों में 38 महिला एथलीटों को सहायता प्रदान की है: भारोत्तोलन, एथलेटिक्स, तैराकी, बैडमिंटन, तीरंदाजी और टेबल टेनिस। इन एथलीटों ने सामूहिक रूप से उल्लेखनीय सफलता हासिल की है और 97 स्वर्ण, 56 रजत और 51 कांस्य सहित कुल 204 पदक जीते हैं। इनमें से 36 पदक अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में अर्जित किए गए, जिससे उनकी वैश्विक क्षमता का प्रदर्शन हुआ। प्रशिक्षण, खेल विज्ञान शिक्षा, प्रतियोगिता अनुभव और वित्तीय सहायता जैसे समग्र समर्थन प्रदान करके, यह कार्यक्रम बाधाओं को तोड़ने और भारतीय खेलों में महिला रोल मॉडल की एक नई पीढ़ी का निर्माण करने का प्रयास कर रहा है।

बैंक विभिन्न प्रशिक्षण और विकास कार्यक्रमों, जिनमें वित्तपोषण, उपकरण और खेल विज्ञान शामिल हैं, के माध्यम से भारतीय एथलीटों का समर्थन करने के लिए खेल और खेल संवर्धन फाउंडेशन के साथ भी काम करता है। इस पहल में ओलंपिक पदक जीतने की क्षमता वाले वरिष्ठ और कनिष्ठ दोनों एथलीट शामिल हैं, और पैरा-एथलीटों की पहचान पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

# संपादकीय

## कानूनी समाधान की पहल

केंद्र सरकार अब ऐसे विधेयक ले आई है, जिनके कानून बनने के बाद गंभीर आपराधिक मामलों में जेल जाने की स्थिति में प्रधानमंत्री, केंद्रीय मंत्रियों, मुख्यमंत्री और राज्यों के मंत्रियों को उनके पद से हटाने का प्रावधान हो जाएगा। लोकसभा चुनाव से पहले दो मुख्यमंत्री पद पर रहते गिरफ्तार किए गए थे। उनमें से झारखंड के हेमंत सोरेन ने तो इस्तीफा देकर भारत की संवैधानिक व्यवस्था को नैतिक दुविधा से बचा लिया, लेकिन जब बारी अरविंद केजरीवाल की आई, तो उन्होंने भारत की राजनीतिक व्यवस्था में आ रही चरमराहट को उजागर कर देने की रणनीति अपनाई। केजरीवाल ने इस्तीफा नहीं दिया। तब यह अजीबोगरीब स्थिति बनी कि एक मुख्यमंत्री जेल में रहते हुए वहीं से सरकार चलाने का दावा कर रहा था। भारत में आज जो सियासी सूरत है, उसके बीच ऐसी विडंबनाओं की गुंजाइश लगातार बनी हुई है। नियम या कानूनों को जब अत्यधिक खींच दिया जाता है, तो मर्यादाओं का तार-तार होना स्वाभाविक परिणाम होता है। अब केंद्र ने ऐसी परिस्थितियों के कानूनी समाधान की पहल की है। वह ऐसे विधेयक ले आया है, जिनके कानून बनने के बाद गंभीर आपराधिक मामलों में जेल जाने की स्थिति में प्रधानमंत्री, केंद्रीय मंत्रियों, मुख्यमंत्री और राज्यों के मंत्रियों को उनके पद से हटाने का प्रावधान हो जाएगा। जेल गए पदाधिकारी की रिहाई के बाद उसे पद पर वापस लाने का प्रावधान भी किया जा रहा है। अगर आज यह धारणा होती कि संवैधानिक व्यवस्था सामान्य ढंग से काम कर रही है और कानून लागू करने वाली एजेंसियां निष्पक्षता से ठोस तथ्यों के आधार पर कदम उठाती हैं, तो प्रस्तावित नए कानून को एक स्वस्थ पहल माना जाता। लेकिन दुर्भाग्य से आज धारणाएं उसके उलट हैं। प्रचलित धारणा यह है कि कानून लागू करने वाली एजेंसियां राजनेताओं के दल और उनकी राजनीतिक प्रतिबद्धता को देख कर उनके अपराध तय करती हैं। ऐसे में प्रस्तावित कानून पर विपक्षी खेमों में आशंका पैदा होना लाजिमी प्रतिक्रिया माना जाएगा। इस पर केंद्र ने विपक्ष से कोई संवाद नहीं किया है। इस कारण आशंकाओं की गुंजाइश और भी ज्यादा है। इसलिए उचित होगा कि ऐसा कानून लागू करने के पहले केंद्र उस पर सभी पक्षों को भरोसे में ले। इस बारे में आम सहमति बनाए जाने की जरूरत है। वरना, प्रस्तावित कानून को सत्ता के केंद्रीकरण के एक और प्रयास के रूप में देखा जाएगा।

## सब ऐंवे है! झूठ है, अवसरवाद है।

**हरिशंकर व्यास**

चाहें तो इसे नरेंद्र मोदी का पुण्य मानें या पाप जो उनके हाथों सभी का अर्थ, सभी की औकात खत्म है! फिर भले संसद हो, लाल किले पर प्रधानमंत्री के भाषण की रस्म हो या राष्ट्रपति-उप राष्ट्रपति, रक्षा मंत्री, गृह मंत्री, कैबिनेट, मुख्यमंत्रियों के चेहरों या आरएसएस जैसे संगठनों, एनजीओ, देश की आर्थिक-विदेश-समारिक नीति का मामला हो या विश्व में भारत के अर्थ का। सब ऐंवे ही हो गए हैं। गुरूवार को संसद का सत्र खत्म हुआ। और सत्र से संसद का क्या मान बना? सोचें, याद करें 2014 में संसद और उसका काम कैसा था और अब क्या है? संसद का अब अर्थ केवल स्थगन, हंगामा है। सत्र महज एक रस्म है। कोई उत्पादकता नहीं। स्पीकर- सभापति की कुर्सी पर ओम बिड़ला हो या जगदीप धनखड़ क्या कोई अर्थवान, प्रतिभावान, अनुकरणीय है? 15 अगस्त की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का भाषण पढ़ते चेहरा दिखलाई दिया। सोचें, देश के 140 करोड़ नागरिकों में से कितनों ने सुना, किनमें जोश भरा, कितनों को प्रेरित किया? अगले दिन खुद जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले से भाषण दिया तो उससे जोश, प्रेरणा की बात तो छोड़े उसकी कितनी टीआरपी रही होगी? उसमें क्या नई बात थी? इस सत्य की गहराई जाननी हो तो याद करें 2014 के 15 अगस्त के दिन लाल किले पर, नरेंद्र मोदी के चेहरे, वाक्यों, टीआरपी के जोश और 2025 के 15 अगस्त के मोदी के भाषण को! मोदी ने संघ को महान बताया! दस साल बाद नागपुर से आरएसएस लाल किले पहुंचा। इसलिए क्योंकि मोदी को अब आरएसएस की जरूरत है। पर आरएसएस के जाप से क्या मोहन भागवत एंड पार्टी जोश में आई होगी? क्या यह जमात भरोसा कर सकती है कि मोदी अब भारत को आत्मनिर्भर बना देंगे? मोदी-अमित शाह भाजपा को सत्ता की बेड़ियों से आजाद कर देंगे? संघ और भाजपा को भी ऐंवे ही, एक पुछल्ला बना देने के बाद वे आत्मनिर्भर भारत, आत्मनिर्भर भाजपा, आत्मनिर्भर संघ की मैसेजिंग के संकल्प में काम करेंगे? लाल किले से आत्मनिर्भर भारत और संघ को नमन वैसा ही छल, वैसा ही रस्मी और दिखावे की नौंटकी है, जिससे अब कुछ भी नहीं सध सकता। इसलिए पते का सत्य केवल एक है और वह यह कि नरेंद्र मोदी ने बतौर प्रधानमंत्री अपने अर्थ को ग्यारह सालों में पूरी तरह गंवाया है न कि बनाया है! स्वतंत्र भारत के इतिहास में ऐसा पहले कभी किसी प्रधानमंत्री के साथ नहीं हुआ। हिंदी में धाराप्रवाह भाषण नहीं कर पाते एचडी देवगौड़ा तथा मनमोहन सिंह के लाल किले से भाषण को भी देश, समर्थक और विरोधी समभाव सुनते होते थे। प्रधानमंत्री के भले होने, किसान-देशज होने या समझदार या समभावी होने से मनोभावों में एक आदर, एक सम्मान था। फिर मनमोहन सिंह हों या अटल बिहारी वाजपेयी वे खुद लिख-देख-समझ अपनी बात कहते थे। शायद ही कभी किसी का यह प्रायोजन रहा हो कि लाल किले से झूठ के क्या-क्या नए नैरेटिव गढ़ने हैं। तभी कांग्रेस के प्रधानमंत्रियों को भाजपा के वाजपेयी हों या आडवाणी तथा वाजपेयी के भाषण को मनमोहन सिंह, सोनिया गांधी सभी लाल किले जा कर गंभीरता से सुनते थे। मीडिया में भाषण में मीनमेख निकालने व आलोचना की बेबाकी अलग होती थी। उस नाते तब और अब के लाल किले के भाषण का फर्क अपने आप यह बताता है कि नरेंद्र मोदी ने केवल प्रधानमंत्री के पद को ही आभाहीन नहीं बनाया है, बल्कि पाप-पुण्य के निजी खाते में वह दर्ज कराया है, जिसका उन्हें खुद को भान नहीं है। इसलिए लाल किले से विपक्षी नेता नदारद थे और संसद के ताजा सत्र में प्रधानमंत्री के आने पर विपक्ष के खटकने वाला हो हल्ला था तो वह सब यही बताता है कि बतौर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत और भारत के बाहर कितना कुछ गंवाया है! और वह भारत का गंवाना भी है!

# जियो-पॉलिटिकल लव ट्रेंगल: क्या एक रूस, एक भारत और एक चीन के स्वप्न से बनेगी बात?

**कमलेश पांडे**



आए दिन बदलती वैश्विक परिस्थितियों के बीच जियो-पॉलिटिकल लव ट्रेंगल के दृष्टिगत एक रूस, एक भारत और एक चीन के अघोषित स्वप्न यक्ष प्रश्न समुपस्थित है। देखा जाए तो प्रथम-द्वितीय विश्वयुद्ध के प्रणेता रहे अमेरिका-यूरोप की कुचक्री नीतियों के प्रतिरोध स्वरूप बन रहे यूरेशियाई ब्लॉक यानी 'रूस-चीन-भारत' के समूह और उसके प्रस्तावित आरआईसी त्रिकोण के सम्मुख यह मौलिक सवाल समुपस्थित है कि क्या इस त्रिकोण के बिना उनके विश्वव्यापी भविष्य और उनकी सफलता दोनों संदिग्ध रहेगी। ऐसा इसलिए कि वर्तमान अमेरिकी सनक और हनक के प्रतिक्रिया स्वरूप अब भारत ने गुटनिरपेक्षता के बजाए रूस के साथ चीन की ओर जिस तरह से अपना झुकाव प्रदर्शित किया है, वह अमेरिका-यूरोप के मित्रगत समझ और उन पर आधारित तिकड़मों को तो करारा जवाब है ही, साथ ही भारत अपनी गुटनिरपेक्ष नीतियों से इतर भी एक नया और ठोस संकेत दे रहा है, जिसे समझने की जरूरत है। मसलन, यह कि अपने दूरगामी राष्ट्रीय हितों की पूर्ति के लिए भारत किसी भी विकसित देश के धौंसपट्टी में नहीं आएगा और इसकी भरपाई के लिए घोर शत्रु से भी हाथ मिलाने में नहीं हिचकिचाएगा। अमेरिका यदि पाकिस्तान-बंगलादेश को भारत के खिलाफभड़कएगा तो भारत भी अब चुप नहीं रहेगा, बल्कि आक्रामक रणनीतिक पलटवार ऑपरेशन सिंदूर की भांति करेगा।

ऐसे में संयुक्त राज्य अमेरिका और दो दर्जन देशों से अधिक की सदस्यता वाले यूरोपीय संघ में शामिल नाटो देशों के अंतरराष्ट्रीय तिकड़मों से निपटने के लिए जरूरी है कि रूस, भारत, चीन तीनों अपना-अपना विस्तार करें। खुद को उम्मीद से ज्यादा मजबूत बनाएं। इस दृष्टि से भारत के सदाबहार दोस्त सोवियत संघ में शामिल रहे रूस और अन्य चौदह देशों के अलावा, तुर्किये, सीरिया, मिश्र, सऊदी अरब आदि के उसमें मिलने से ही एक वृहत रूस या रूसी परिसंघ का सपना पूरा होगा। लिहाजा इस क्षेत्र में नाटो की बढ़ती दखल से भविष्य में मामले उलझ सकते हैं।

इसी प्रकार भारत को उसके पड़ोसी देशों, यथा- पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफग़ानिस्तान, ईरान, इराक, म्यांमार, नेपाल, तिब्बत, भूटान, श्रीलंका, मालदीव के अलावा भी थाईलैंड, कम्बोडिया, सिंगापुर, इंडोनेशिया, मलेशिया आदि देशों को भारत में मिलाने के नैतिक प्रयत्न जारी रखने होंगे, क्योंकि इससे ही एक भारत का सपना पूरा होगा। वहीं, इस क्षेत्र में अमेरिका या चीन के बढ़ती दखल से भविष्य में मामले उलझ सकते हैं।

ठीक इसी तरह से चीन के विस्तार के लिए ताइवान, उत्तर कोरिया, दक्षिण कोरिया, जापान, लाओस, वियतनाम आदि देशों को उसमें मिलाना जरूरी है, जिससे एक चीन का सपना जल्द पूरा होगा। लेकिन यहां पर भी अमेरिका या जापान के बढ़ते दखल से भविष्य में मामले उलझ सकते हैं। इस नजरिए से देखा जाए तो ये तीनों इतने वृहत भौगोलिक पॉलिटिकल ब्लॉक हैं, जिन पर रूस, भारत और चीन की पकड़ मजबूत होने से उनके संयुक्त रणनीतिक एजेंडे को बल मिलेगा। इसलिए यदि इनके एजेंडे में यह विषय शामिल नहीं है तो अविलंब कर लीजिए। इससे तीनों देशों का ही भला होगा। लेकिन एक दूसरे के भौगोलिक, आर्थिक और सैन्य हितों का सम्मान कीजिए, अन्यथा मित्रतापूर्ण भाव कटुता में तब्दील हो जाएगी। लिहाजा यदि संभव हो तो इसी आधार पर अपनी रणनीतिक समझदारी भी विकसित कर लीजिए और एक-दूसरे के पैर को खींचना बन्द कर दीजिए। यदि आप तीनों ऐसा कर पाए तो नाटो या जी-7 पर एससीओ या ब्रिक्स देश समूह चौबीस घण्टे भारी पड़ेंगे। लेकिन यह काम इतना आसान भी नहीं है। इसके लिए पुतिन, मोदी और जिनपिंग को थोड़ा बहुत त्याग करना होगा, थोड़ा दिल बड़ा करके पड़ोसियों की मानसिकता को बदलना या जीतना होगा, थोड़ा धैर्य पूर्वक कदम बढ़ाना होगा।

वहीं, निकट भविष्य में यदि भारत-रूस के प्रभाववश इजरायल का भी इस त्रिकोण को साथ मिल गया तो यह सोने पर सोहागा वाली स्थिति होगी। इससे अरब व यूरोप के उन हिस्सों पर भी भारत-रूस की पकड़ मजबूत होगी, जिन पर इजरायल की धाक जमेगी। यदि वह यरूशलेम-इंग्लैंड एक्सप्रेस-वे विकसित कर लेता है तो यह उसके लिए बहुत सुकून की बात होगी। यह स्थिति अमेरिका-रूस दोनों के लिए सुखद होगी। यदि इस नजरिए से नई दिल्ली-मॉस्को एक्सप्रेस-वे और नई दिल्ली-बीजिंग एक्सप्रेस-वे, नई दिल्ली-सिंगापुर एक्सप्रेस-वे और नई दिल्ली-यरूशलेम एक्सप्रेस-वे बना दिया जाए तो इसके और बेहतर परिणाम प्राप्त हो सकते हैं। इसी तरह से रूस के मास्को-बीजिंग एक्सप्रेस-वे, मास्को-इस्ताम्बुल (तुर्किये) एक्सप्रेस-वे, मॉस्को-बर्लिन एक्सप्रेस-वे, मॉस्को-पेरिस एक्सप्रेस-वे के सपने देखे जाएं तो यह उसके लिए बेहतर हो सकता है। रही बात चीन की तो उसके लिए बीजिंग-इस्ताम्बुल (तुर्किये) एक्सप्रेस-वे, टोकियो एक्सप्रेस वे-वॉटर वे, चीन-लाओस एक्सप्रेस-वे से उसके कारोबार में भी इजाफा हो सकता है। लेकिन क्या ऐसा करना आसान है? जवाब होगा- शायद हां भी और नहीं भी। आज जिस तरह से अरब मुल्कों पर वर्चस्व को लेकर, भारतीय उपमहाद्वीप में वर्चस्व को लेकर, दक्षिण चीन सागर में वर्चस्व को लेकर, हिन्द महासागर में वर्चस्व को लेकर, यूक्रेन में वर्चस्व को लॉकर, तिब्बत पर वर्चस्व को लेकर, अफ्रीका और दक्षिण अमेरिका में वर्चस्व को लेकर अमेरिका-यूरोप और रूस-चीन के बीच तलवारें खींची रहती हैं, शह-मात के खेल चलते रहते हैं, उसके दृष्टिगत अब भारत का साथ रूस-चीन को मिलने के संकेत भर से अमेरिका और उसके यूरोपीय समर्थक देशों की परेशानी बढ़ गई है। समझा जाता है कि अब रूस-भारत-चीन का प्रस्तावित त्रिकोण ही अमेरिका-यूरोप के देशों को उनकी लक्ष्मण रेखा बताएगा, ताकि एशिया-यूरोप में हथियार व गोला-बारूद खपाने को लेकर उनकी जो शातिर व भड़काऊ नीतियां हैं, वह बदली जा सकें। इस बारे में अब नए सिरे से उन्हें समझना होगा और जब वे समझने की कोशिश नहीं करेंगे तो फिर उसकी काट भी निकालनी होगी। दरअसल, भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ जब चीनी विदेश मंत्री वांग यी की बातचीत हुई थी तो इसी क्रम में 'एक-चीन' नीति से संबंधित बात भी उठी थी। इसके बाद चीनी विदेश मंत्री ने दावा किया कि भारत ने ताइवान को चीन का अंग मान लिया है। फिर भारत के विदेश मंत्री ने उनकी कथित टिप्पणियों पर अपना स्पष्टीकरण दिया। इस पर चीन ने 'आश्चर्य' व्यक्त किया है। क्योंकि भारत ने कहा था कि ताईवान पर उसके रुख में कोई बदलाव नहीं आया है और उसके साथ नयी दिल्ली के संबंध आर्थिक, तकनीकी और सांस्कृतिक पहलुओं पर केंद्रित हैं।

मैं समझता हूं कि जयशंकर ने ऐसा इसलिए कहा होगा कि अभी तो मित्रता की पुन: शुरुआत हो रही है, जिसकी अग्नि परीक्षा अभी बाकी है। और फिर जब पाकिस्तान, अफगानिस्तान, पीओके, नेपाल, भूटान, तिब्बत, अरुणाचल प्रदेश, बंगलादेश, म्यांमार, श्रीलंका, मालदीव से जुड़े मामलों पर जब चीन के स्टैंड भारत के हितों के अनुकूल होंगे तो भारत भी उनके हितों का ख्याल रखेगा।

यही वजह है कि चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने कहा कि, "हम भारत के स्पष्टीकरण से हैरान हैं।" वह जयशंकर की टिप्पणियों यानी भारत के स्पष्टीकरण की खबरों पर चीन के आधिकारिक मीडिया के एक सवाल का जवाब दे रही थीं। दरअसल, यह स्पष्टीकरण भी तब आया जब चीनी विदेश मंत्रालय ने वांग के साथ बातचीत के दौरान जयशंकर के बयान को गलत तरीके से उद्धृत करते हुए कहा था कि ताईवान चीन का हिस्सा है।

चीनी प्रवक्ता ने दावा किया कि बीजिंग इस स्पष्टीकरण को 'तथ्यों के साथ असंगत' पाता है। ऐसा लगता है कि भारत में कुछ लोगों ने ताईवान के मुद्दे पर चीन की संप्रभुता को कमज़ोर करने और चीन-भारत संबंधों में सुधार को बाधित करने की कोशिश की है। चीन इस पर गंभीर चिंता व्यक्त करता है और इसका कड़ा विरोध करता है। इसलिए मैं इस बात पर ज़ोर देना चाहती हूं कि दुनिया में सिर्फ़ एक ही चीन है और ताईवान चीन के भूभाग का एक अविभाज्य हिस्सा है। भारत सहित अंतरराष्ट्रीय समुदाय में इस पर व्यापक सहमति है। चीन को उम्मीद है कि भारत 'एक-चीन' के सिद्धांत का गंभीरता से पालन करेगा, संवेदनशील मुद्दों को उचित ढंग से संभालेगा और द्विपक्षीय संबंधों के निरंतर विकास को बढ़ावा देगा।

उल्लेखनीय है कि अपनी दो दिवसीय भारत यात्रा पर नयी दिल्ली पहुंचे वांग ने गत 18 अगस्त 2025 को जयशंकर के साथ बातचीत में यह मुद्दा उठाया था, जिसके बाद भारत के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि चीनी पक्ष ने ताइवान का मुद्दा उठाया था। लेकिन भारतीय पक्ष ने इस बात पर ज़ोर दिया कि इस मुद्दे पर उसकी स्थिति में कोई बदलाव नहीं आया है। उसने इस बात पर ज़ोर दिया कि दुनिया के बाकी हिस्सों की तरह, भारत का ताईवान के साथ आर्थिक, तकनीकी और सांस्कृतिक संबंधों पर केंद्रित रिश्ता है और यह आगे भी जारी रहेगा। भारतीय पक्ष ने कहा कि चीन भी इन क्षेत्रों में ताइवान के साथ सहयोग करता है। उल्लेखनीय है कि अतीत में भी, भारत ने 'एक-चीन' नीति का समर्थन किया था, लेकिन 2011 के बाद से किसी भी द्विपक्षीय दस्तावेज़ में इस नीति को शामिल नहीं किया गया है। जबकि चीन ने अक्सर भारत से 'एक-चीन' नीति का पालन करने का आग्रह किया है। यद्यपि भारत और ताईवान के बीच औपचारिक कूटनीतिक संबंध नहीं हैं, फिर भी उनके द्विपक्षीय व्यापार संबंध लगातार बढ़ रहे हैं।

बता दें कि ताईवान एक स्वशासी द्वीप है जिसकी आबादी 2.3 करोड़ से अधिक है। यह दुनिया के लगभग 70 प्रतिशत सेमीकंडक्टर का उत्पादन करता है, जिसमें सबसे उन्नत चिप्स शामिल हैं जो लगभग सभी इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों जैसे स्मार्टफोन, कार के पुर्जे, डेटा सेंटर, लड़ाकू विमान और एआई तकनीकों के लिए आवश्यक हैं।

इसलिए सवाल उठता है कि जब चीन, 'एक चीन' नीति का पक्षधर है तो फिर उसे 'एक भारत' की नीति को भी मान लेना चाहिए। इसी तरह से 'एक रूस' की नीति को भी भारत-चीन द्वारा शह देना चाहिए। इसी प्रकार से 'एक इजरायल' की नीति को भी सैद्धांतिक रूप से मान्यता दे दी जाए तो विश्वव्यापी इस्लामिक कट्टरता पर भी लगाम संभव है। इससे अमेरिका-यूरोप दोनों कमजोर होंगे और रूस-भारत-चीन निरंतर मजबूत। बता दें कि आगामी 31 अगस्त-1 सितंबर तक मोदी, पुतिन समेत दुनिया के 20 नेता एससीओ शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे, जिसका नेतृत्व चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग करेंगे। तियानजिन में आयोजित होने वाला शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) का शिखर सम्मेलन इस समूह के इतिहास का सबसे बड़ा शिखर सम्मेलन होगा। यह चीन द्वारा आयोजित पांचवां शिखर सम्मेलन है। चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग और रूस के उनके समकक्ष व्लादिमीर पुतिन के अलावा, प्रधानमंत्री मोदी और दुनिया के कई नेता इस शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे।

वहीं, तुर्किये के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन, उनके इंडोनेशियाई समकक्ष प्रबोवो सुबियांतो, मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम और वियतनाम के प्रधानमंत्री फाम मिन्ह चिन्ह आदि इस शिखर सम्मेलन में भाग लेने वाले अन्य प्रमुख नेता होंगे। जबकि भारतीय उपमहाद्वीप से पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, नेपाल के प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली और मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। वहीं, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतानियो गुतारेस और एससीओ महासचिव नूरलान येरमेकबायेव सहित 10 अंतरराष्ट्रीय संगठनों के अधिकारी इस कार्यक्रम में भाग लेंगे, जिससे यह संगठन के इतिहास में सबसे बड़ा कार्यक्रम बन जाएगा।

बताते चलें कि चीन इस वर्ष एससीओ का अध्यक्ष है, जिसमें रूस, भारत, ईरान, कज़ाकिस्तान, किर्गिस्तान, पाकिस्तान, ताजिकिस्तान, उज़्बेकिस्तान, बेलारूस और चीन शामिल हैं। इसके अधिकतर नेतागण दो दिवसीय शिखर सम्मेलन के बाद भी बीजिंग में तीन सितंबर को आयोजित होने वाली चीन की सबसे बड़ी सैन्य परेड देखने के लिए रुकेंगे। यह परेड जापानी आक्रमण के विरुद्ध चीनी जन प्रतिरोध और विश्व फासीवाद विरोधी युद्ध में विजय की 80वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित की जाएगी। इसमें चीन सैन्य परेड में नयी पीढ़ी के हथियारों की एक श्रृंखला का प्रदर्शन करेगा, जैसे कि चौथी पीढ़ी के टैंक और विमान, मानवरहित खुफिया और मानवरहित-उपकरण, और हाइपरसोनिक सहित उन्नत मिसाइलें। वहीं, शी एससीओ के राष्ट्राध्यक्षों की 25वीं बैठक और एससीओ प्लस बैठक की अध्यक्षता करेंगे और मुख्य भाषण देंगे। शी भाग लेने वाले नेताओं के लिए एक स्वागत भोज और द्विपक्षीय कार्यक्रमों की मेजबानी करेंगे। शी चिनफिंग शंघाई सहयोग संगठन के लिए चीन के नए दृष्टिकोण और प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा करेंगे, जिसमें शंघाई भावना को आगे बढ़ाना और लोगों की अपेक्षाओं पर खरा उतरना शामिल है। शी एससीओ के विकास और व्यापक सहयोग का समर्थन करने के लिए चीन द्वारा नए उपायों और पहल की भी घोषणा करेंगे, और संगठन के लिए नए तरीकों और मार्गों का प्रस्ताव भी देंगे। शी एससीओ के अन्य सदस्य देशों के नेताओं के साथ संयुक्त रूप से एक घोषणापत्र पर हस्ताक्षर करेंगे और उसे जारी करेंगे। इसके साथ ही वे अगले 10 वर्षों के लिए एससीओ की विकास रणनीति को मंजूरी देंगे। उम्मीद है कि इसी रणनीति में एक रूस, एक भारत और एक चीन की बात को आगे बढ़ा दिया जाएगा, अन्यथा चीन के 'एक चीन' सम्बन्धी अरमान धरे के धरे रह जाएंगे।

# भारत के डॉग-लवर्स में मातम

**श्रुति व्यास**

सीधी बात पर आते हैं। भारत के डॉग-लवर्स मातम में हैं। टूटे हुए, बिखरे हुए, जैसे सरकार उनके ड्रॉइंग रूम से 'ब्रूनो' को सोफ़े से उठा ले गई हो। टीवी पर रोना, सड़कों पर जाम, मुख्य न्यायाधीश तक अर्जी — वह भी दो बार, क्योंकि 1.4 अरब की आबादी वाले इस मुल्क में, यही है इमरजेंसी।

उधर असली भारत में — बादाम लट्टे वाले कैफ़े और ट्विटर की दुनिया से बाहर — लोग थोड़ी ज़्यादा गंभीर चीज़ों से जूझ रहे हैं। कोई डेंगू से बच रहा है, कोई मैनहोल से, कोई अपनी जर्जर छत के अगली बारिश में न गिर जाने की दुआ कर रहा है। इस दिवाली ज़रूरी सामान पर जीएसटी 12 प्रतिशत से बढ़कर 18 प्रतिशत हो जाएगा। लेकिन किसे फ़र्क पड़ता है? जब तक कुत्ते सुरक्षित हैं, देश खून बहा ले।

सो आज सर्वोपरी चिंता है कुत्तों को की!

यहां तक कि बॉलीवुड का पालतू-पागल तबका भी इस आंदोलन में वैसे ही कूद पड़ा है जैसे 'कान्स' फ़ोटो कॉल में कूदता है। दिल्ली का स्कॉच पीता इंटेलिज़ेंसिया, इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में बैठकर एप्पल पाई के साथ गुस्से भरे लेख लिख रहा है। यही है अब उनकी लड़ाई। गली का कुत्ता आज भारत का नया नैतिक कम्पास है — बाक़ी कम्पास भले ही चौपट हो चुके हो, एक ऐसे देश में जहां गवर्नेंस मिथक है, क़ानून मज़ाक, और रोज़मर्रा ज़िंदगी बस जुगाड़। और यह है असली विडंबना: जिन लोगों को गली के कुत्ते उठाए जाने का ग़म खाए जा रहा है, वे आराम से लंदन और न्यूयॉर्क में रहते हैं — जहां सड़कें साफ़ हैं, कुत्ते बंधे, लाइसेंसशुदा और उनके पीछे सफ़ाई अनिवार्य है। वहां कोई नहीं चिल्लाता है कि सड़क पर रहने का अधिकार चाहिए। पश्चिम में नियम पवित्र हैं, जबकि भारत में वह उत्पीड़न। यहां सुप्रीम कोर्ट की आठ हफ़्ते की डेडलाइन प्रलय हो जाती है। सुधार की मांग नहीं, बस पूरे आदेश को रद्द करने का हंगामा। सवाल है टूटी सड़कों पर भटकते कुत्तों को भला कब से संवैधानिक अधिकार, सांस्कृतिक धरोहर या नैतिक श्रेष्ठता का तमगा मिल गया? साफ़ कर लें — कोर्ट ने यह नहीं कहा कि कुत्तों को मारो। कहा यह था कि सड़कों से हटाओ, शेल्टर में रखो, व्यवस्था बनाओ। लेकिन यह बहुत बड़ी मांग है। आप अराजकता का महिमामंडन करना पसंद करेंगे, लेकिन ज़रा भी नागरिक अनुशासन गले नहीं उतरेगा। और फिर वही रट — भारत तानाशाही में फिसल रहा है, संस्थान ढह रहे हैं, लोकतंत्र मर रहा है, देश रहने लायक नहीं बचा। मगर एक बार तो न्यायपालिका ने आम आदमी की सोची — उस मज़दूर की बच्ची के बारे में जो अकेले घर लौटते वक़्त झुंडों से घिरी होती है, उस ठेले वाले के बारे में जो रोज़ गली के कुत्तों से जूझता है, उस दिहाड़ी मज़दूर के बारे में जो कुत्ते के काटने का इलाज भी नहीं करवा सकता। अदालत ने आँकड़े देखे, ख़तरे तौले और एक ग़लत को सही करने की कोशिश की। लेकिन आपको इससे भी ऐतराज़ है।

और यह घबराहट क्यों? अचानक रेबीज़ महामारी का डर क्यों, अगर कुत्तों को उठाया गया तो? क्या विज्ञान रातोंरात बदल गया? होना तो यह चाहिए कि आप एक मुकम्मल व्यवस्था मांगते — कामयाब शेल्टर, बेदाग़ लागू करने वाला सिस्टम। लेकिन नहीं। सोशल मीडिया पर मैंने एक महिला का वीडियो देखा — आसमान टूट पड़ा हो जैसे, वह हांफते-रोते कह रही थी: अगर वे मेरे बच्चे ले गए तो मैं मर जाऊंगी।

उनके 'बच्चे' गली के कुत्ते थे और अगर वे बच्चे हैं, तो ट्रैफ़िक में भटकते और कूड़े में खाना खोजते क्यों छोड़े गए? एक और क्लिप में कुत्तों को बच्चों की तरह गोद में लेकर नारे लग रहे थे: यह मेरा अधिकार है सड़क पर जीने का! माफ़ कीजिए, सड़क पर जीना किसी का अधिकार नहीं है — न कुत्तों का, न गायों का, न बंदरों का, और न ही इंसानों का। लेकिन हमारी अभिजात्य बिरादरी असली शेल्टर बनाने या नगरपालिका की क्षमता सुधारने से ज़्यादा नैतिक नाटक पसंद करती है। और उससे भी बदतर — वे उस छोटे लड़के पर एक आंसू नहीं बहाते जो साइकिल चलाने निकला और घर लौटकर नहीं आया। गली के कुत्तों के झुंड ने उसे नोच-नोच कर मार डाला। उसका छोटा शरीर उन दांतों से फाड़ा गया जिन्हें देखने तक से आप इंकार करते हैं।

आप — अमीर, वोक, भौकाली, तृप्त — जिनके पास डिग्रियां हैं, अनुभव है, दिमाग़ है। जब कोर्ट अराजकता में थोड़ा सा भी अनुशासन लाने की कोशिश करती है, तो चिल्लाइए मत। दान अभियान कीजिए, नीति सुझाव दीजिए। रोने की कहानियां और ऑनलाइन पेटीशन मत चलाइए। आपको लगता है न्यूयॉर्क टाइम्स आपके साथ खड़ा है। उनके न्यूज़रूम में वे सिर हिला रहे हैं, या शायद हंस रहे हैं। आपने अपने देश को देश को ही एक व्यंग्य बना दिया है।

मैंने उसी दिन कहा था जब आदेश आया: समस्या कुत्ते नहीं हैं — हम हैं। और वही अब एक्टिविस्ट, आवारा पशुओं के प्रेमी इसे साबित कर दे रहे हैं।

कुछ तो समझदारी दिखाइए। अब बड़े हो जाइए! सडक पर उन मुद्दों पर बाहर निकलिए जो सच में मायने रखते हैं। पहली बार सरकार ने ऐसा क़दम उठाया है जिसमें जनता की भलाई को अभिजात्य संवेदनाओं से ऊपर रखा गया। ताली बजाइए। आपने प्राग की व्यवस्था देखी है, टोक्यो की सफ़ाई पर वाहवाही की है। क्यों न यहां चाहें? क्यों न दिल्ली को बेहतर, मुंबई को सुरक्षित बनाएं — जहां कुत्तों के काटने के मामले सबसे ज़्यादा हैं? हर बार जब उस दिशा में एक छोटा क़दम उठता है, आप ताली बजाने के बजाय मुंह फुलाते हैं, तंज कसते हैं, या फिर टिकट बुक करके विदेश भागते हैं — उसी विफलता से बचने, जिसे सुधारने से आप इंकार करते हैं।

जबकि असख्य असली संकटों में हम-आप और देश है — महंगाई, बेरोज़गारी, जलवायु संकट। लेकिन आप इनके लिए खड़े नहीं होंगे। और अगर सही वक़्त पर सही मुद्दे पर खड़े नहीं हो सकते, तो उस बदलाव की उम्मीद छोड़ दीजिए जिसकी इस देश को ज़रूरत है। आपका नैतिक आक्रोश अब सिर्फ़ है क्या इंस्टाग्राम रील्स पर कुत्तों के आंसुओं के लिए।

तो सवाल वही — देश जा कहां रहा है?

कहीं नहीं — अगर यही हमारी लड़ाई है। और अगर इस देश का पढ़ा-लिखा तबका सिर्फ़ आवारा कुत्तों के लिए उठ खड़ा हो सकता है, जबकि बाक़ी सबकुछ खुद कुत्तों के हवाले हो चुका है, तो शायद, सचमुच, हमें भी उनके साथ ही जाना चाहिए।




## प्रेग्नेंसी में ये चीजें खाएंगे तो डिलीवरी में नहीं होगी कोई परेशानी, बच्चा भी रहेगा तंदुरुस्त


गर्भावस्था हर महिला के जीवन का एक खूबसूरत समय होता है और इस दौरान स्वस्थ आहार एक प्रमुख भूमिका निभाता है, क्योंकि यह आपके और आपके अजन्मे बच्चे दोनों के पोषण के लिए जरूरी है। अक्सर महिलाएं इस बात को लेकर चिंतित रहती हैं कि वह क्या ऐसा खाएं कि उन्हें प्रेगनेंसी में कॉम्प्लिकेशन ना हो और उनका बच्चा भी तंदुरुस्त रहे। कई बार महिलाएं ऑनलाइन दिखती है या दोस्तों या रिश्तेदारों से सलाम मांगती हैं कि कौन से खाद्य पदार्थ खाने चाहिए और किन चीजों से बचना चाहिए। हालांकि यह जानकारी कई बार सही भी नहीं होती है। ऐसे में पेशेवर की सलाह लेना जरूरी होता है। आज हम आपको एक्सपर्ट की बताए उन खाद्य पदार्थों के बारे में बता रहे हैं जिससे आपको और आपके बच्चे को लाभ पहुंचेगा। आपकी गर्भावस्था यात्रा को सुचारू रूप से आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी

- एक्सपर्ट बताती है की प्रेग्नेंसी के दौरान संतुलित आहार खाना आपके बच्चे को विकसित होने के लिए जरूरी है। गर्भावस्था के दौरान अपर्याप्त पोषण से बाद के जीवन में हृदय रोग मधुमेह और हाई ब्लड प्रेशर का खतरा बढ़ जाता है।
- गर्भवती माता के लिए अनाज,फलिया मेवे, बीज, फल, सब्जियां लीन मीट,डेरी उत्पादन और समुद्री भोजन से भरपूर संतुलित आहार की सिफारिश की जाती है। यह उनके स्वास्थ्य और भ्रूण के स्वास्थ्य दोनों के लिए महत्वपूर्ण पोषक तत्व की गारंटी देता है।
- गर्भवती महिलाओं को अत्यधिक कैफीन के सेवन के साथ ही पैक्ड जूस से दूर रहने की सलाह दी जाती है।
- दैनिक भोजन में हरी सब्जियों को खाने पर जोर दिया जाता है। इससे कई सारे पोषक तत्व मिलते हैं, खास कर पालक का सेवन करना चाहिए, इसे खून बढ़ाने में मदद मिलती है। इसी तरह पर अपनी डाइट में मौसमी फलों को शामिल करना भी जरूरी है।
- इसके अलावा गर्भवती महिलाओं को बड़े हिस्से के बजाय दिन भर में छोटे-छोटे भोजन का सेवन करना चाहिए। स्वस्थ नाश्ते के विकल्प के रूप में मुट्ठी भर मिक्स मेवे खाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।
- हाइड्रेशन इन सब में सबसे जरूरी है हर रोज तीन लीटर पानी पीने की सलाह दी जाती है जिसमें सादा पानी, नींबू पानी,छाछ सब्जी या चिकन सूप जैसे अलग-अलग तरल पदार्थ को शामिल किया जा सकता है।
- कच्चे या अधपका मांस को खाने से बचना चाहिए, इनमें हानिकारक पदार्थ मौजूद होते हैं जो कॉम्प्लिकेशंस को बढ़ा सकते हैं।

**कोलेस्ट्रॉल बढ़ने से हार्ट अटैक का खतरा होता है क्योंकि यह खून की नसों को ब्लॉक कर देता है, इसके कुछ लक्षण आपकी उंगलियों में दिख सकते हैं, कोलेस्ट्रॉल कम करने के लिए कुछ आदतों में सुधार जरूरी है।**







# अपने कोलेस्ट्रॉल लेवल पर रखें नजर

कोलेस्ट्रॉल बढ़ना सेहत के लिए गंभीर संकेत है। इस मोम की तरह दिखने वाले चिपचिपे पदार्थ के बढ़ने से खून की नसें ब्लॉक हो सकती हैं, जिससे ब्लड फ्लो थम सकता है या धीमा हो सकता है। ऐसे होने से आपको कई तरह के दिल के रोग, हार्ट अटैक और स्ट्रोक जैसी गंभीर और जानलेवा समस्याओं का खतरा हो सकता है। बेहतर स्वास्थ्य के लिए हर किसी के लिए अपने कोलेस्ट्रॉल लेवल पर नजर रखना जरूरी है।

### कोलेस्ट्रॉल के क्या लक्षण हैं?

इससे हाथों और पैरों में झुनझुनी महसूस हो सकती है। इसकी वजह यह है कि जब नसों में खून का प्रवाह धीमा हो जाता है या रुकावट होती है, तो शरीर के विभिन्न अंगों तक खून नहीं पहुंच पाता है। कोलेस्ट्रॉल बढ़ने के कारण हैं। हाई फैट वाली चीजों का अधिक सेवन, स्मोकिंग, शराब का सेवन, एक्सरसाइज न करना और अधिक वजन होना आदि की वजह से खून में कोलेस्ट्रॉल का लेवल बढ़ सकता है। इस लेख में आप जानेंगे कि कोलेस्ट्रॉल लेवल बढ़ने से आपको अपने हाथ-पैरों की उंगलियों में क्या-क्या लक्षण महसूस हो सकते हैं और कोलेस्ट्रॉल से बचने के लिए या कम करने के लिए आपको किन गलत आदतों को छोड़ देना चाहिए।

### उंगलियों और हथेली में पीलापन

एक रिपोर्ट के अनुसार, खून में कोलेस्ट्रॉल बढ़ने पर त्वचा पीले रंग की नजर आ सकती है, खासतौर पर आंखों के आसपास। कभी-कभी हथेली और पैरों के तलवों में भी पीलापन महसूस हो सकता है।

### हाथ-पैरों में झुनझुनी महसूस होना

हाथ-पैरों की उंगलियों की नसों में कोलेस्ट्रॉल जमा होने से आपको उंगलियों में झुनझुनी है। झुनझुनी का मतलब है कि किसी व्यक्ति की त्वचा में जलन, चुभन या सुई चुभोने जैसी अनुभूति होना। ध्यान रहे कि यह डायबिटीज का भी एक लक्षण है।

### हाथ-पैरों की उंगलियों में दर्द

हाई कोलेस्ट्रॉल बढ़ने से हाथ-पैर की उंगलियों में दर्द से भी हो सकता है। जब हाथ-पैरों की रक्त धमनियों में कोलेस्ट्रॉल जमा हो जाता है, तो उन्हें छूने से दर्द महसूस हो सकता है।

### हथेली पर पीले रंग के धब्बे

खून की नसों में कोलेस्ट्रॉल की मात्रा बढ़ने पर आपको हथेलियों या पैर के निचले हिस्से पर छोटे पीले और नारंगी रंग के धब्बे नजर आ सकते हैं। यह धब्बे आंखों की ऊपरी पलक पर भी दिख सकते हैं।

### कोलेस्ट्रॉल बढ़ने के नुकसान


ब्रिटिश हार्ट फाउंडेशन की रिपोर्ट के मुताबिक, खून में कोलेस्ट्रॉल की मात्रा बढ़ने से कोरोनरी आर्टरी डिजीज, पेरिफेरल आर्टरी डिजीज, हाई ब्लड प्रेशर, हार्ट अटैक, स्ट्रोक, चेस्ट पेन, पेट दर्द, पित्त की पथरी, नसों में झनझनाहट और पाचन से जुड़ी कई समस्याएं हो सकती हैं।

### छोड़ दें ये आदतें

- ट्रांस फैट, सैचुरेटेड फैट और रिफाइंड वाली चीजों के सेवन से कोलेस्ट्रॉल तेजी से बढ़ता है, इसलिए ऐसे चीजों से तौबा कर लें।
- अगर आप स्मोकिंग या ड्रिंक करते हैं, तो आज ही से इनसे दूरी बना लें। यह चीजें खून में तेजी से बैड कोलेस्ट्रॉल बनाती हैं।



- अगर आपका वजन बढ़ रहा है और आप इसे कंट्रोल करने के लिए कुछ नहीं कर रहे तो आपको कोलेस्ट्रॉल बढ़ने का ज्यादा खतरा है।
- एक्सरसाइज नहीं करना कोलेस्ट्रॉल बढ़ने का बड़ा कारण है। अगर आप किसी भी तरह की फिजिकल एक्टिविटी में शामिल नहीं हो रहे, तो सतर्क हो जाएं।
- बहुत अधिक तनाव में रहना भी कोलेस्ट्रॉल बढ़ने का एक कारण है। स्ट्रेस हार्मोनल बढ़ने से शरीर में कोलेस्ट्रॉल का उत्पादन होता है।



## बीपी रखना है नॉर्मल तो रोज सुबह पिएं गर्म पानी

**शरीर के लिए पानी कितना अहम है इसके बारे में तो सभी जानते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि अगर रोज सुबह खाली पेट आप गर्म पानी पिएं तो हेल्थ को कई फायदे होते हैं।**

### पाचन रहे दुरुस्त

गर्म पानी पाचन में मदद करता है। ऐसा खाना जिसे पेट आसानी से पचा नहीं पा रहा हो उसे ब्रेक करने और पचाने में गर्म पानी काफी मदद करता है, इससे पेट साफ रहता है और पाचन संबंधी कोई और समस्या परेशान नहीं करती।

### वेट लॉस

पाचन दुरुस्त रहे तो वेट लॉस में भी मदद मिलती है। साथ ही में गर्म पानी फैट लॉस में भी मदद करता है।

### पेट दर्द व मरोड़ में राहत

पेट दर्द होने पर या मरोड़ चलने पर भी गर्म पानी काफी राहत देता है। हालांकि इसका ध्यान रहे कि पानी को धीरे-धीरे पिएं, एकदम से गर्म पानी पीना नुकसान कर सकता है। वहीं रोज सुबह गर्म पानी पिएंगे तो ये परेशानियां होंगी ही नहीं।

### ब्लड सर्कुलेशन सुधारता है

सुबह गर्म पानी पीने से ब्लड फ्लो और सर्कुलेशन को सुधारने में भी मदद मिलती है, यह बीपी को नॉर्मल रखने में भी मदद करता है।

### गला रहेगा साफ

अक्सर सुबह उठने पर लोग कफ की शिकायत करते हैं, ऐसे में गर्म पानी पीने पर उन्हें राहत महसूस होगी। गर्म पानी कफ की समस्या को दूर कर गले को साफ रखता है।

### बॉडी होगी टॉक्सिन फ्री

शरीर के टॉक्सिन को बॉडी से बाहर निकालने में भी गर्म पानी काफी मदद करता है। यह न सिर्फ हेल्थ पर पॉजिटिव असर डालता है बल्कि स्किन पर भी ग्लो लाता है।

## मीठा खाने से नहीं बल्कि खाने की इस चीज से बढ़ रहा है आपका वजन, आज ही दें ध्यान



अक्सर लोग पतला होने के लिए, सबसे पहले मीठे और कार्ब्स को अपनी थाली से दूर करते हैं। लेकिन, एक्सपर्ट के मुताबिक, खाने की एक और चीज इससे भी ज्यादा वजन बढ़ा सकती है। अक्सर लाख कोशिशों के बाद भी लोग वजन कम नहीं कर पाते हैं। कई बार खाने-पीने की कई सारी चीजों को छोड़ने के बाद भी वजन टस से मस नहीं होता है। तब दिमाग में सबसे पहला सवाल यही आता है कि आखिर क्यों वेट कम नहीं हो रहा है। वजन कम करने के लिए, सबसे पहले इसके बढ़ने के सही कारणों के बारे में जानना जरूरी है। महंगी डाइट फॉलो करना या लंबे वक्त तक भूखा रहना, मोटापा कम नहीं कर सकता है, बल्कि पोर्शन कंट्रोल और हेल्दी ईटिंग हैबिट्स से वजन कम करने में मदद मिलती है। अक्सर लोग पतला होने के लिए, सबसे पहले मीठे और कार्ब्स को अपनी थाली से दूर करते हैं। लेकिन, एक्सपर्ट के मुताबिक, खाने की एक और चीज इससे भी ज्यादा वजन बढ़ा सकती है। यह कौन सी चीज है और किस तरह आपका वजन बढ़ा रही हैं।

### कुकिंग ऑयल

- कार्ब्स और शुगर से कहीं ज्यादा कुकिंग ऑयल वजन बढ़ा सकते हैं। आप खाना बनाते समय किस तरह के तेल का इस्तेमाल कर रही हैं और कितना तेल यूज कर रही हैं, यह आपकी सेहत पर असर डाल सकता है।
- कुकिंग ऑयल वजन बढ़ाने के लिए जिम्मेदार हो सकता है। रिफाइंड ऑयल में अनहेल्दी फैट्स होते हैं, जो शरीर में चर्बी जमा कर सकते हैं।
- इसकी वजह से कोलेस्ट्रॉल बढ़ सकता है और मेटाबॉलिज्म भी स्लो हो जाता है।
- रिफाइंड ऑयल के सेवन से इंसुलिन सेंसिटिविटी भी कम होती है और इसके कारण भी वजन बढ़ने लगता है।
- रिफाइंड ऑयल में बहुत अधिक कैलोरी होती है। इसके अधिक इस्तेमाल से कमर और पेट के आस-पास चर्बी जमने लगती है। इसकी वजह से बीपी और शुगर जैसी बीमारियों का खतरा भी बढ़ सकता है। एक्सपर्ट की कहना है कि रिफाइंड ऑयल की जगह, घी, ऑलिव ऑयल और मस्टर्ड ऑयल का इस्तेमाल करें। ये शरीर में इंफ्लमेशन को कम करके दिल को सेहतमंद बनाने में मदद करते हैं।
- अगर आप वजन कम करना चाहते हैं, तो डाइट में फाइबर और प्रोटीन से भरपूर चीजों को शामिल करें।



# सर्दी-जुकाम और एलर्जी नहीं करेगी परेशान पिएं यह देसी ड्रिंक

**बदलते मौसम में सर्दी-जुकाम और एलर्जी अक्सर लोगों को परेशान करती है। इससे बचने में यह देसी ड्रिंक आपकी मदद कर सकता है। इसके फायदे और इसे बनाने का तरीका।**

मौसम बदलने पर सर्दी-खांसी, जुकाम और कई मौसमी इंफेक्शन्स परेशान करने लगते हैं। जिन लोगों की इम्यूनिटी कमजोर होती है, उन पर बदलते मौसम का असर जल्दी और ज्यादा होता है। ऐसे में बदलते मौसम के बीच, खुद को सेहतमंद रखना बहुत जरूरी होता है। इसके लिए कई घरेलू नुस्खे कारगर हैं। हमारे घरों में हमेशा से मौसम के हिसाब से खान-पान और जीवनशैली में बदलाव होते रहे हैं। लगभग सभी घरों में गर्मी में शरीर को ठंडक देने, सर्दी में शरीर में अंदर से गर्म रखने और बदलते मौसम के बीच इम्यूनिटी मजबूत करके मौसमी एलर्जी से बचाने के लिए कई नुस्खे आजमाएं जाते रहे हैं। यहां हम आपको एक ऐसी ही देसी ड्रिंक के बारे में बता रहे हैं, जो आपको कई तरह की एलर्जी और इंफेक्शन से बचा सकती है। इस बारे में डाइटिशियन सिमरन कौर जानकारी दे रही हैं। वह सर्टिफाइड डाइटिशियन और न्यूट्रिशनिस्ट हैं। बदलते मौसम में इम्यूनिटी मजबूत करने के लिए बेसन से बनाएं यह ड्रिंक

- अगर आपको सर्दी-खांसी और जुकाम परेशान करता है, तो इस ड्रिंक को जरूर पिएं।
- सर्दी-खांसी से बचाने के लिए बेसन का यह शीरा या बेसन का ड्रिंक कई सालों पुरानी हेल्दी रेसिपी है।
- बेसन एंटी-ऑक्सीडेंट्स से भरपूर होता है। इससे कफ दूर होता है और सर्दी-खांसी में राहत मिलती है।
- गुड़, बेसन, काली मिर्च और इलायची से बना यह ड्रिंक, बंद नाक को खोलने का काम करती है।
- सीने में जकड़न की वजह से अगर आपको सांस लेने में मुश्किल हो रही है, तो भी यह ड्रिंक फायदेमंद है।
- काली मिर्च में एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं। ये शरीर में इंफेक्शन्स से बचाती है। सर्दी-खांसी को दूर करने में भी यह फायदेमंद है।
- गुड़ की तासीर गर्म होती है। यह शरीर को अंदर से गर्म रखता है।

### एलर्जी से बचने के लिए बनाएं यह देसी ड्रिंक

**सामग्री**

- देसी घी- 3/4 कप
- बेसन- 3/4 कप
- गुड़- 1 टीस्पून
- पानी- 3 कप
- इलायची- 2
- काली मिर्च- 4
- बादाम- 4 (कटे हुए)

**विधि**

- बेसन को घी में अच्छे से भूनें।
- जब यह रंग बदलने लगे तो इसमें पानी मिला दें।
- अब इसमें गुड़, काली मिर्च, इलायची और बादाम डालकर इसे 1-2 मिनट पकाएं।
- आपकी हेल्दी ड्रिंक तैयार है।
- इसे आप एक मील की जगह ले सकती हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### अजीत जोगी युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शमसुल आलम ने एनएचएम कर्मचारियों की हड़ताल को दिया समर्थन



**राजनांदगांव ( समय दर्शन )।** अजीत जोगी युवा मोर्चा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष शमसुल आलम ने आज एनएचएम कर्मचारियों के हड़ताल को समर्थन दिया। इस मौके पर एनएचएम कर्मचारी संघ की जिला अध्यक्ष डॉ. किरण गायकवाड़ और सलाहकार राकेश कुर्रे ने उन्हें पुष्प-गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। इसके बाद शमसुल आलम ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए उनके संघर्ष को सशक्त समर्थन दिया। आलम ने अपने संबोधन में कहा, यह सरकार बहरी सरकार है। एनएचएम कर्मचारी 2005 से मरीजों की सेवा में लगे हुए हैं, लेकिन 20 साल बाद भी उन्हें वह सम्मान और अधिकार नहीं मिला, जो नियमित स्वास्थ्य कर्मचारियों को मिलते हैं। कोरोना जैसे संकट में भी एनएचएम कर्मचारियों ने अपनी जान की परवाह किए बिना अपनी सेवा दी, लेकिन आज उन्हें अपनी जायज मांगों के लिए घंटों हड़ताल करनी पड़ रही है। शमसुल आलम ने कहा कि एनएचएम कर्मचारियों के संघर्ष को लेकर सरकार की उदासीनता निंदनीय है। उन्होंने आगे कहा, इस सरकार को यह याद रखना चाहिए कि छत्तीसगढ़ के किसान पुत्र सिर्फ धान ही नहीं, बल्कि अपनी आवाज भी उठाना जानते हैं। अगर उनकी मांगें जल्द पूरी नहीं हुई तो इसका खामियाजा सरकार को भुगतना पड़ेगा। आलम ने कहा कि अगर 10 बिंदुओं पर कर्मचारियों की मांगें नहीं मानी जातीं, तो अजीत जोगी युवा मोर्चा और एनएचएम कर्मचारी रायपुर में बड़े प्रदर्शन का आयोजन करेंगे। इस प्रदर्शन में पूर्व अकलतरा विधानसभा प्रत्याशी रिचा जोगी भी शामिल होंगी, और भाजपा सरकार के खिलाफ उग्र विरोध दर्ज कराया जाएगा। इस अवसर पर शमसुल आलम के साथ युवा मोर्चा के जिला महासचिव ऋषभ रामटेक और वरिष्ठ नेता महेश मेश्राम भी मौजूद थे। शमसुल आलम के संबोधन के बाद एनएचएम कर्मचारियों में जोश का संचार हुआ और उनके संघर्ष के प्रति और अधिक प्रतिबद्धता दिखी।

### जोशीलमती संकुल में सेवानिवृत्त शिक्षकों को दी गई भावभीनी विदाई



**राजनांदगांव ( समय दर्शन )।** बांधाबाजार क्षेत्र के जोशीलमती प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक शंभू दयाल नायक एवं माध्यमिक शाला की प्रधान पाठिका पुष्पा कुंजाम मैम को सेवानिवृत्ति के अवसर पर संकुल केंद्र जोशीलमती के सभी शिक्षकों ने एक भावपूर्ण विदाई दी। इस अवसर पर शिक्षकों ने शिक्षक समुदाय के प्रति गहरी श्रद्धा और आदर प्रकट करते हुए आयोजन को यादगार बना दिया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती माता के तेल चित्र पर माल्यार्पण और पूजा से हुई। वहीं, बेलरगोंदी संकुल के शिक्षक नरेंद्र कुमार चतुर्वेदी के आकस्मिक निधन पर 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। यह कार्यक्रम शिक्षकों के सामूहिक सम्मान और उनके समर्पण का प्रतीक था, जिसमें सेवानिवृत्त शिक्षकों को सम्मानित करने के लिए उन्हें श्रीफल, साल और मेमेंटो भेंट किए गए। साथ ही, उनका सम्मान इस तरह से किया गया कि उनकी गाड़ी को दूल्हे की तरह सजाया गया और शिक्षक को उनके निवास स्थान तक सम्मानित कर छोड़ने के लिए ले जाया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से बैंड-बाजे और हल्के-फुल्के स्वाल्पाहार का आयोजन किया गया, जिससे माहौल और भी यादगार बन गया। स्कूल की प्राचार्य अशवंतीन शोरी ने शिक्षकों की मेहनत और समर्पण की सराहना की और उन्हें उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। साथ ही, उन्होंने बच्चों के भविष्य निर्माण में उनकी भूमिका को सराहा। संकुल के अन्य शिक्षकों को भी इस अवसर पर सम्मानित किया गया। प्रमुख शिक्षकों में अजय चन्द्रवंशी, गैंदालाल कोलियारे, होरी लाल भूआर्य, चैन कुमार सोनवानी, राकेश कुमार खोब्रागढ़े, रितेश कुमार चक्रधारी, अखिलेश कुमार सिन्हा और कई अन्य प्रमुख शिक्षक उपस्थित थे। कार्यक्रम का आयोजन संकुल समन्वयक कीरत कुमार गणवीर और सुरेंद्र घावडे द्वारा किया गया, जबकि कार्यक्रम का संचालन कीरत कुमार गणवीर ने किया और आभार प्रदर्शन सुरेंद्र घावडे ने किया। इस आयोजन ने न केवल सेवानिवृत्त शिक्षकों के योगदान का सम्मान किया, बल्कि शिक्षकों के प्रति समर्पण और उनके योगदान को याद करने का भी एक सुंदर अवसर प्रदान किया।

# प्रकाश चंद पारख के नेत्रदान से दो परिवारों को हुई नेत्रज्योति प्राप्त



**दुर्ग ( समय दर्शन )।** गयानगर दुर्ग निवासी डॉ प्रकाश चंद पारख (सुपुत्र स्व. भवर लाल जी पारख) के निधन के पश्चात पारख परिवार ने प्रकाश चंद पारख के नेत्रदान कर दो परिवारों को नेत्रज्योति प्रदान की,प्रकाश चंद पारख की पत्नी श्रीमती जयंती देवी, पुत्र डॉ गौरव पारख, ,पुत्री सोनिया जैन,बहु मनीषा जैन,पौत्र गर्वित ने नेत्रदान हेतु सहमति दी,

नवदृष्टि फाउंडेशन के सदस्य कुलवंत भाटिया,हरमन दुलई,सत्येंद्र राजपूत,प्रभुदयाल उजाला ने नेत्रदान प्रक्रीया में सहयोग किया

श्री शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज के डॉ संदीप बाचकर,डॉ उत्कर्ष बंसल,नेत्र सहायक विवेक कसार,निवेश रावते ने कॉर्निया कलेक्ट किये एवं नेत्रदान सम्पन्न हुआ

प्रकाश चंद पारख के पुत्र डॉ गौरव पारख ने कहा आज पापा के जाने से पूरा परिवार सदमे में है किन्तु डॉक्टर होने के कारण हमारा परिवार नेत्रदान के महत्व को समझता है अत: हमने नेत्रदान का निर्णय लिया समाज को भी नेत्रदान का महत्व समझना होगा एवं अधिक से अधिक लोगों को नेत्रदान हेतु आगे आना होगा

नवदृष्टि फाउंडेशन के सदस्य सत्येंद्र राजपूत ने कहा प्रकाश चंद पारख समाज के प्रतिष्ठित व्यक्ति थे एवं डॉक्टर परिवार के होने के कारण उन्होंने जीवन भर लोगों की सेवा की और निधन के पश्चात दो लोगों के अँधेरे जीवन को उजाला कर समाज को प्रेरित किया

नवदृष्टि फाउंडेशन के सदस्य हरमन दुलई, ने कहा, हमारी संस्था लगातार लोगों को नेत्रदान ,देहदान व रक्तदान हेतु जागरूक कर रही है जिसके सुखद परिणाम आ रहे हैं भविष्य में यदि कोई देहदान व् नेत्रदान पर कोई जानकारी चाहता है तो हमारे सदस्यों से सम्पर्क करे या 9826156000 / 8839324601 नंबर पर फोन कर जानकारी ले सकता है नवदृष्टि फाउंडेशन की ओर से अनिल बल्लेवार ,कुलवंत भाटिया,राज आढ़तिया, प्रवीण तिवारी,मुकेश आढ़तिया, मंगल अग्रवाल,हरमन दुलई,रितेश जैन,जितेंद्र हासवानी,किरण भंडारी,उज्जवल पींचा ,सत्येंद्र राजपूत,सुरेश जैन,राजेश पारख,पीयूष मालवीय,दीपक बंसल ,विकास जायसवाल,मुकेश राठी,प्रभु दयाल उजाला, प्रमोद बाघ ,सपन जैन ,यतीन्द्र चावड़ा ,जितेंद्र कारिया , बंसी अग्रवाल, अभिजीत पारख,मोहित अग्रवाल,चेतन जैन,दयाराम टांक,विनोद जैन,राकेश जैन ने प्रकाश चंद पारख को श्रद्धांजलि दी व पारख परिवार को साधुवाद दिया।

## भारी बारिश से प्रभावित दंतेवाड़ा में AM/NS इंडिया का राहत अभियान जारी, अब तक 2000 से अधिक राहत किट वितरित




**एस एच अज़हर दंतेवाड़ा।** लगातार हो रही भारी बारिश और बाढ़ जैसी स्थिति से दंतेवाड़ा जिले के कई गाँव प्रभावित हैं। कई स्थानों का संपर्क मुख्यालय से कट गया है और ग्रामीणों को आवासीय व दैनिक जीवन की गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे समय में AM/NS इंडिया ने जिला प्रशासन के साथ मिलकर राहत कार्यों को तेज़ी से आगे बढ़ाया है।

**पहले दिन की पहल–** गुरुवार को जिला कलेक्टर श्री कुनाल दुडावत, सीईओ जिला पंचायत श्री जयंत नाहटा, अपर कलेक्टर श्री राजेश पत्रे, विधायक श्री चैतराम अटामी, तहसीलदार श्री गोवर्धन साहू, एसडीएम श्री मूलचंद चोपड़ा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री आर.के. बर्मन, जीएम AM/NS इंडिया श्री आई.वी.वी.एस. प्रसाद तथा ष्टस्क्र टीम के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में राहत सामग्री प्रशासन को सौंपी गई। इस दौरान सैकड़ों प्रभावित परिवारों तक किट पहुँचाई गईं।

**दूसरे दिन की कार्यवाही–** शुक्रवार को भी राहत अभियान जारी रहा। जिला प्रशासन के समन्वय से दंतेवाड़ा शहर व आसपास के वार्डों में जरूरतमंद परिवारों को राहत किटें वितरित की गईं। इस मौके पर जीएम AM/NS इंडिया श्री प्रसाद स्वयं उपस्थित रहे और जिला प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर वितरण कार्य की निगरानी की।

दो दिनों में AM/NS इंडिया द्वारा जिला प्रशासन को कुल 2000 राहत किट सौंपे जा चुके हैं। इन किटों में प्रभावित परिवारों की ज़रूरत को ध्यान में रखते हुए कंबल, गाउन, निकर और टी-शर्ट जैसी उपयोगी सामग्री शामिल है। यह सहायता विशेषकर बच्चों और बुजुर्गों के लिए राहत का बड़ा साधन साबित हो रही है।

स्थानीय ग्रामीणों ने राहत सामग्री मिलने पर प्रशासन और कंपनी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि लगातार बारिश से उत्पन्न कठिनाई के बीच यह सहयोग उनके लिए बड़ी मदद और उम्मीद लेकर आया है।

AM/NS इंडिया लंबे समय से सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत आपदा के समय प्रशासन के साथ मिलकर प्रभावित समुदायों की मदद करता रहा है। दंतेवाड़ा में जारी राहत अभियान इसी प्रतिबद्धता का एक और उदाहरण है।

## कलेक्टर ने साहकरी समिति अमेरा व कुसमी का किया निरीक्षण

### किसानों को जरुरत अनुसार उर्वरक उपलब्ध कराने के निर्देश



**बलौदाबाजार/समय दर्शन )।** कलेक्टर दीपक सोनी शनिवार को पलारी विकासखंड अंतर्गत प्राथमिक सहकारी सेवा समिति अमेरा एवं कुसमी पहुंचे।उन्होने भण्डारण कक्ष में भण्डारित उर्वरको का निरीक्षण किया और समिति प्रबंधक से भण्डारण, वितरण एवं उर्वरक मांग की जानकारी ली। उन्होने समिति प्रबंधको को निर्देशित किया कि किसानों को जरुरत अनुसार पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध कराएं। किसानों को उर्वरक लेने में कोई दिक्कत न हो।

कलेक्टर ने उर्वरक लेने पहुंचे किसानों से भी चर्चा की और खाद मिलने के सम्बन्ध में पूछ - ताछ की। किसानों ने बताया कि उर्वरक की कोई समस्या नहीं है। जरुरत अनुसार समितियों में खाद मिल रहा है। किसानों ने खेती के लिए नहर से अपासी की समस्या बताई। इस पर कलेक्टर श्री सोनी ने कहा कि पहले टेल एरिया तक पानी पहुंचाना प्राथमिकता है। एक बार अंतिम छोर के गांव तक पानी पहुंचने के बाद सिंचाई विभाग के अधिकारियो द्वारा

सभी खेतों में पानी पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।

बताया गया कि सहकारी समिति अमेरा में एनपीके 500 बोरी,एसएसपी 500 बोरी, एसएसपी दानेदार 740 बोरी, डीएपी 1000 बोरी,पोटाश 900 बोरी एवं यूरिया 400 बोरी कुल 6300 बोरी भण्डारण एवं वितरण किया गया है। कुसमी समिति में एनपीके 1600 बोरी,एसएसपी 400 बोरी,डीएपी 1350 बोरी,पोटाश 300 बोरी एवं यूरिया 4466 बोरी 8288 बोरी भण्डारण जिसके विरुद्ध 7716बोरी उर्वरक वितरण किया गया है। इस दौरान उपायुक्त सहकारिता उमेश कुमार गुप्ता, डीएमओ, सहकारिता विस्तार अधिकारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## दंतेवाड़ा बाढ़ संकट किरंदुल : एनएमडीसी ने बढ़ाया मदद का हाथ, 8000 से अधिक राहत पैकेट वितरित

**किरंदुल दंतेवाड़ा ( समय दर्शन )।** दंतेवाड़ा जिले में भारी बारिश और नदियों में उफान के कारण सामान्य जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। कई सड़कें और पुल बह गए, जबकि अनेक गांव जलमग्न हो गए, जिससे बाढ़ पीड़ितों की स्थिति दयनीय हो गई। इस संकट की घड़ी में एनएमडीसी किरंदुल कॉम्प्लेक्स ने मानवीय संवेदना का परिचय देते हुए राहत कार्यों में तेजी लाई है।




एनएमडीसी के कार्यकारी निदेशक रवींद्र नारायण और उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) के.एल. नागवेणी के कुशल मार्गदर्शन में प्रबंधन ने त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके तहत, एनएमडीसी ने पिछले तीन-चार दिनों से दंतेवाड़ा के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में राहत कार्यों को अंजाम दिया है। कंपनी ने जिला प्रशासन के सहयोग से 8000 से अधिक राहत पैकेट वितरित किए, जिनमें कंबल, चादर, कपड़े, आटा, दाल, तेल, चावल, साबुन और दैनिक जरूरत की अन्य सामग्रियां शामिल हैं।

राहत सामग्री का वितरण मो. तनवीर जावेद, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन), अभिजीत घोष, सहायक महाप्रबंधक (मानव संसाधन), शैलेंद्र सोनी, सहायक महाप्रबंधक (मानव संसाधन), प्रमोद कुमार, सहायक महाप्रबंधक (सुरक्षा), विवेक कुमार रक्षा, वरिष्ठ प्रबंधक (सीएसआर), और पारितोष तिवारी, सहायक प्रबंधक (मानव संसाधन) के नेतृत्व में जिला प्रशासन को सौंपा गया। एनएमडीसी ने अपनी सामाजिक प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए हमेशा की तरह जनहित कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाई है। इस कठिन समय में कंपनी का यह प्रयास बाढ़ पीड़ितों के लिए उम्मीद की किरण बना है।

## खरीफ खेती के लिए नहर से पानी पहुंचाने प्रशासन की टीम मुस्तैद

### कलेक्टर ने महानदी मेन केनाल एवं शाखा नहर का लिया जायजा



**बलौदाबाजार/समय दर्शन )।** खरीफसीजन में धान की खेती के लिए नहर से पानी पहुंचाने जिला प्रशासन द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है। जल संसाधन विभाग की टीम फिल्ड में मुस्तैद होकर मॉनिटरिंग एवं आवश्यक समन्वय किया जा रहा है ताकि नहर से पानी खेतों तक जल्द पहुंचाया जा सके। कलेक्टर दीपक सोनी ने शनिवार को ग्राम कनकी के पास महानदी गंगरेल बांध के मुख्य नहर एवं ग्राम कुकदा के पास शाखा नहर का जायजा लिया और जल संसाधन विभाग के अधिकारियो को लगातार मॉनिटरिंग कर टेल एरिया तक प्राथमिकता से पानी पहुंचाने के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने महानदी मेन कैनाल के गेट एवं पानी की मात्रा का जायजा लिया तथा जल प्रवाह मॉनिटरिंग पंजी का अवलोकन किया। उन्होंने मॉनिरिंग टीम को सतर्कता से कार्य करने तथा हर 2 घण्टे में जल प्रवाह की स्थिति दर्ज करने कहा। उन्होने विभाग के रेस्ट रेस्ट हॉउस का भी निरीक्षण किया और बेहतर रख- रखाव के निर्देश दिये।

बताया गया कि महानदी गंगरेल बांध मुख्य नहर से लवन शाखा नहर एवं बलौदाबाजार शाखा नहर जिनकी लम्बाई क्रमश: 69 किलोमीटर और 72 किलोमीटर से पानी छोडा गया है। इसके साथ ही भाटापारा क्षेत्र के लिए भी शाखा नहर है। वर्तमान में लवन शाखा नहर में 1298 क्यूसेक मीटर एवं बलौदाबाजार शाखा नहर में 671 क्यूसेक मीटर पानी छोड़ा जा रहा है जो नहर की अधिकतम क्षमता है। शाखा एवं वितरक नहरो की जिले में कुल लम्बाई 760 किलोमीटर है जिससे 323 ग्राम की 2 लाख एकड़ क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उयलब्ध होती है।

इस दौरान कार्यपालन अभियंता वीरेन्द सिरमौर, एसडीओ अलोक नागपुरे एवं सूरज वर्मा मौजूद थे।


## पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू की पत्नी स्व. कमला देवी साहू जी के वार्षिक श्रद्ध बरसी कार्यक्रम में श्रद्धाजंलि देने पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित प्रदेश भर के नेता गण



**दुर्ग ( समय दर्शन )।** प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू की पत्नी कमलादेवी साहू जी का वार्षिक श्रद्ध बरसी एवं शांति भोज कार्यक्रम दुर्ग जिले के उनके गृहग्राम पाऊवारा में श्रद्धांजलि का कार्यक्रम रखा गया स्व.कमला देवी साहू को श्रद्धांजलि देने प्रदेश भर के मंत्री, पूर्व मंत्री सहित विधायक गण श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस अवसर पूर्व मुख्यमंत्री भुपेश बघेल,स्कुल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव,नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत,पूर्व पूर्व मंत्री अमितेश शुक्ल,महासमुंद लोकसभा सांसद रूपकुमारी चौधरी,मंत्री रविंद्र चौबे, पूर्व मंत्री मोहम्मद अकबर, पूर्व मंत्री शिव डहरिया,पूर्व मंत्री गुरु दयाल दास,पूर्व मंत्री अनिला भेड़िया,विधायक गुंडरदेही कुंवर सिंह निषाद,विधायक रायपुर मोती लाल साहू, विधायक साजा ईश्वर साहू, विधायक कसडोल संदीप साहू, विधायक, खल्लारी द्वारिकाधीश यादव, विधायक बिंद्रा नवागांढ़ जनक धुर्वे, विधायक सरायपाली चातुरी नंद,विधायक धमतरी ओमकार साहू, विधायक बालोद संगीता सिन्हा, रिसाली महापौर शशि सिन्हा,अध्यक्ष केशशिल्प बोर्ड नंद कुमार सेन,गौ सेवक महंत राम सुंदर दास, जिला अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, जनपद अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन, जनपद उपाध्यक्ष राकेश हिरवानी,शशि कला गायकवाड़,पूर्व विधायक अरुण वोरा, पूर्व बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा, पूर्व विधायक बी. डी. कुरैशी,प्रदेश साहू संघ अध्यक्ष डॉ निरेन्द्र साहू, पूर्व अध्यक्ष थानेश्वर साहू, विपिन साहू, चित्रलेखा साहू,पूर्व अध्यक्ष टहल सिंह साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यप्रकश साहू,जिला अध्यक्ष दुर्ग नंद कुमार साहू, रमेश साहू, यतीश साहू,संदीप साहू, पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल,पूर्व महापौर आर. एन वर्मा,पूर्व महापौर शंकर लाल ताम्रकार, कमल नारायण रूँगठा, मोना सेन,प्रेम लता साहू, हेमा देशमुख, तारनी चन्द्रकार, रश्मि चंद्रकार,युवराज साहू, दुस्यंत देवांगन,कैलाश नहाटा, पुसूऊ राम साहू, उमसंकर साहू, जगदीश दीपक साहू,रिवेन्द्र यादव,अध्यक्ष राकेश ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य श्रद्धा साहू, पूर्व सभापति योगिता चंद्राकार जनपद सदस्य झमित गायकवाड़,जनपद , सरपंच पाऊवारा मीना यादव, राजेश साहु ,दीपक यादव ,हरदेव साहु, दिलीप साहु,संदीप वोरा, सनीर साहू, चंद्रकांत कोरे, जगदीश दीपक साहू,दिवाकर गायकवाड़,धर्मेंद्र बंजारे,विकास चंद्राकर, चुन्नीलाल चन्द्रकार, तुलसी देशमुख, रुपेश देशमुख,मुकुंद परकार,जमावंत गजपाल,मोंटू तिवारी, विनोद गुप्ता,राजेन्द्र ठाकुर,हरेंद्र धृतलहरे,राजेश शर्मा, डॉ प्रहलाद वर्मा, द्वारीका साहू, लाल जी गुप्ता, मोंटू तिवारी सहित ग्रामीण जन,प्रसन्ना टांक, सरिता साहू सहित दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के समस्त कांग्रेस कांग्रेस कमेटी के जिला व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के समस्त पदाधिकारी जोन प्रभारी गण सेक्टर प्रभारी वार्ड बुध के समस्त पदाधिकारी गण जिला पंचायत के समस्त पदाधिकारी जनपद पंचायत के समस्त पदाधिकारी एवं सरपंच पंच गण पुर्व व वर्तमान समस्त पदाधिकारी एवं नगर पालिका निगम रिसाली के महापौर सभापति एम आई सी मेंबर व पार्षद पुर्व पार्षद पुर्व एल्डर मेन नगर पंचायत के समस्त पार्षद गण पुर्व व वर्तमान कांग्रेस परिवार के समस्त सदस्य गण युवा कांग्रेस एन एस यु आई कांग्रेस महिला कांग्रेस किसान कांग्रेस, राजीव युवा मितान, गोठान अध्यक्ष व कांग्रेस के अन्य प्रकोष्ठ के समस्त पदाधिकारी गण जिला व प्रदेश के समस्त पदाधिकारी गण पत्रकार गण,सामाजिक पदाधिकारी गण जनप्रतिनिधि गण वरिष्ठ गण कार्यकर्ता गण बड़ी संख्या में मौजूद थे।

## खबर-खास

### सोनचिरैया में स्थापित श्री गणेश की हो रही धूमधाम से पूजन-अर्चन



**साजा (समय दर्शन)।** महावीरस्य राजा गणेशोत्सव समिति बजरंग चौक, सोनचिरैया में स्थापित श्री गणेश जी की मूर्ति । समिति के सभी पदाधिकारी भगवान श्री गणेश जी की मूर्ति स्थापित कर कुशल मंगल की कामना कर रहे हैं। यह स्थापना का तृतीय वर्ष है। समिति के पदाधिकारी गंगाधर,चमन, रीविन, झलेन्द्र, विनय, राजेन्द्र, पिंटू, दीपमणी, गज्जू, तेजू, अतुल समेत सभी भक्तों ने अपनी-अपनी सहभागिता बनाएं हुए हैं।

### प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात चरडोंगरी में सुना



**कवर्धा (समय दर्शन)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 31 अगस्त रविवार को .मन की बात. कार्यक्रम के 125 वें एपिसोड को संबोधित किया। हर एपिसोड की तरह यह एपिसोड भी दूसरे एपिसोड से कुछ अलग अलग विषयों पर बात कही गई, जिसे सभी आयु वर्ग के लोगों ने उत्साह के साथ सुना। इस दौरान पीएससी परीक्षा की तैयारी के लिए प्रतिभा सेतु पोस्टल के माध्यम से बच्चे आगे बढ़ सकते हैं। पीएम मोदी ने कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर बात की। पीएम ने पहाड़ों पर आफत भरी बारिश और भूस्खलन पर चिंता जताई। बातों से एक नई जिज्ञासा पैदा हुई। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सोलर पम्प व सोलर राईसमिल के माध्यम से खेतों में पानी की व्यवस्था व घरों में बिजली की पूर्ति, विज्ञान हो या संस्कृति बहुत कुछ ऐसा है, जिस पर मन की बात आकाशवाणी रेडियो से प्रसारण को सुनने के लिए जय छत्तीसगढ़ रेडियो श्रोता संघ चरडोंगरी. द्वारा जनता के साथ कार्यक्रम सुनने के पहले ग्राम पंचायत भवन में, मन की बात सुना गया। रेडियो वाले मितान दुर्गाराम साहू, पूर्व जनपद सदस्य सरिता दुपेश्वर साहू, नंदकुमार शर्मा, अर्जुन धुर्वे, जित्तू यादव, मुकेश चन्द्रवंशी, रविदास कोटवार आदि उपस्थित रहे।

### निधन : डी एस चौहान



**दुर्ग।** पद्मनाभपूर एमआईजी 374 दुर्ग निवासी पूर्व बीएसपी कर्मचारी डी एस चौहान उम्र 88 वर्ष का निधन शनिवार को निधन हो गया ह द्य वे भिलाई इस्पात संयन्त्र में कार्यरत राजेश चौहान एवं योगेश चौहान के पिता थे द्य उनका अंतिम संस्कार रविवार को शिवनाथ नदी मुक्तिधाम में किया गया।


### आम सूचना

सर्वसाधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि, मै श्रीमती प्रिया साहू पति घनेन्द्र साहू, उम्र 31 वर्ष, निवासी 112, 14 चन्द्र नगर, सुपेला भिलाई, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) का है। यह कि, मेरे पुत्र के आधार कार्ड तथा राशन कार्ड मे उसका नाम त्रुटिवश कैवल्यनाथ साहू दर्ज हो गया है, जो गलत नाम है। मेरे पुत्र का वास्तविक व सही नाम कैवल्य साहू (KAIVALYA SAHU) है, जो कि उसके समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों एवं जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज है, जो कि सत्य व सही है। यह कि मै अपने पुत्र के समस्त शासकीय, अशासयकीय दस्तावेजों मे उसका सही नाम कैवल्य साहू (KAIVALYA SAHU) दर्ज करवाना चाहता है। जिसके संबंध में अनुविभागीय दण्डाधिकारी दुर्ग (छ.ग.) के समक्ष एक शपथपत्र भी निष्पादित करवा चुका है तथा छ.ग. गजट मे भी नाम सुधार हेतु प्रकाशन करवाना चाहती है। भविष्य मे मेरे पुत्र को कैवल्य साहू (KAIVALYA SAHU) के नाम से जाना, पहचाना, लिखा, पढ़ा, समझा, संबोधित किया जाएगा और भविष्य मे मेरे पुत्र के समस्त शासकीय, अशासकीय दस्तावेजों मे उसका सही नाम कैवल्य साहू (KAIVALYA SAHU) दर्ज करवाना चाहती हूँ।

**भवदीय**
**श्रीमती प्रिया साहू पति घनेन्द्र साहू, उम्र 31 वर्ष, निवासी 112, 14 चन्द्र नगर, सुपेला भिलाई, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.)**


# बीजा संकुल में सेवानिवृत्त व सम्मान समारोह का कार्यक्रम हुआ

**साजा (समय दर्शन)।** बीते शनिवार 30 अगस्त को संकुल स्तरीय सम्मान समारोह एवं सेवानिवृत शिक्षिका का सम्मान कार्यक्रम संकुल केंद्र बीजा में रखा गया। जिसमें संकुल केंद्र के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला तेंदुआ शिक्षिका चंपा देवी जंघेल एलबी शनिवार को सेवानिवृत हुई। संकुल केंद्र व शासकीय प्राथमिक शाला बीजा से सहायक शिक्षिका सुमन लता वर्मा की युक्तिकरण के तहत बेरला विकासखंड के शासकीय प्राथमिक शाला सिरसा में स्थानांतरण हुआ । शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रौद्रा के शिक्षक हरि पूरीगोस्वामी का युक्तिकरण के तहत नवागढ़ ब्लाक में स्थानांतरण हुआ । शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बीजा लिपिक राजेन्द्र देवांगन की पदोन्नति हुई एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालसमुंद में कार्यभार ग्रहण किया। प्राथमिक शाला बीजा मनीराम साहू का 2025-2026 के लिए साजा ब्लॉक से मुख्यमंत्री शिक्षा दूत पुरुस्कार हेतु चयन हुआ है। बीजा संकुल प्रभारी प्राचार्य मुरारी



सिंह भुवाल व संकुल समन्वयक सुरेश साहू, बीजा स्कूल प्रधान पाठक चिंतामणि साहू, डोमरा राम साहू शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला तेंदुआ, पूर्व माध्यमिक शाला प्रधान पाठक महीदही कौशल प्रसाद साहू, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रौद्रा प्रधान पाठिका पुष्पा पटेल एवं आश्रित संकुल केंद्र बीजा के प्रधान पाठक, सहायक शिक्षक, शिक्षक व व्याख्यता इस कार्यक्रम में उपस्थित हुए। कार्यक्रम में प्राथमिक शाला भैसामुड़ा शिक्षक, व्याख्यता मनोज कुमार बारले, दीनबंधु देवांगन,धर्मेंद्र वर्मा , झम्मन दास, आसमा सिद्दीकी, चंद्रिका मिर्झा, हेम ज्योति साहू, भोजेश्वरी राजपूत ,नोकराम साहू ,हेमन्त देवांगन मनोज कुमार धुर्वे ,गजानंद वैष्णव,अशोक कुमार धुर्वे , दिलीप पटेल, चेतन राजपूत, बोधन राम आदिवासी व बसंती निर्मलकर आदि कार्यक्रम में उपस्थित रहे। सेवानिवृत शिक्षिका के द्वारा अपने शिक्षाकिय कार्य की जानकारी प्रदान की। साथ ही युक्तिकरण के तहत अन्यत्र शाला में गए शिक्षिका एवं शिक्षक द्वारा अपने शाला में किए गए कार्यों के बारे में बताया गया। कार्यक्रम के अंत में बीजा संकुल प्राचार्य मुरारी सिंह भुवाल ने अपने उध्बोधन में शिक्षकों द्वारा किये गए कार्यो की सरहाना व्यक्त करते हुए उज्वल भविष्य की कामनाएं की। कार्यक्रम का मंच संचालन महेश्वर प्रसाद श्रीवास व समाप्ति दौरान आभार प्रकट प्रधान पाठक चिंतामणि साहू पूर्व माध्यमिक शाला बीजा द्वारा किया गया।

## फैक्ट्री में काम कर रही महिला मजदूर के दोनों पैर टूटे

**बालोद (समय दर्शन)।** समीपस्थ ग्राम परसोदा (झलमला) में स्थित फ्लाई ऐश फैक्ट्री में काम कर रही महिला मजदूर रूपा मंडावी (47) मशीन की सफाई करते समय गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे के वक्त मशीन अचानक चल पड़ी और महिला का पैर उसमें फंस गया

> जानकारी के अनुसार, रूपा मंडावी दल्लीराजहरा के इंदिरा नगर वार्ड 27 की निवासी हैं। वह करीब एक महीने पहले ही इस फैक्ट्री में मजदूरी करने आई थीं। रविवार सुबह लगभग साढ़े सात बजे जब वह मशीन की सफाई कर रही थीं, तभी उनका पैर हाइड्रोलिक मशीन में फंस गया। इस हादसे में उनके दोनों पैर टूट गए और तीन उंगलियां कट गईं। घटना के बाद सहकर्मी मजदूरों ने तुरंत उन्हें फैक्ट्री से बाहर निकाला और जिला अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने बताया कि समय पर इलाज मिलने से उनकी



जान बच गई, लेकिन गंभीर चोटों के चलते हालत नाजुक बनी हुई है। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए बाहर रेफर कर दिया गया है महिला मजदूर ने बताया कि वह परिवार का भरण-पोषण करने के लिए फैक्ट्री में काम करने लगी थीं। उनका एक बेटा और बेटी राजहरा में रहते हैं। रोजाना की मजदूरी से ही घर का खर्च चलता था। हादसे के बाद फैक्ट्री प्रबंधन ने उसे इलाज के लिए प्राइवेट अस्पताल में भर्ती करवाया है

> इस हादसे ने फैक्ट्रियों में सुरक्षा इंतजामों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। मजदूरों का कहना है कि यदि सुरक्षा मानकों का पालन सख्ती से किया जाता तो ऐसी घटना टाली जा सकती थी। फिलहाल पुलिस और श्रम विभाग की ओर से मामले की जांच की जा रही है।

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर बैडमिंटन खेल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**गरियाबंद (समय दर्शन)।** जिला प्रशासन तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा स्व.मेजर ध्यानचंद जी की जन्म जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय खेल दिवस के दूसरे दिन 30 अगस्त को इंडोर स्टेडियम बैडमिंटन हॉल में बैडमिंटन खेल का आयोजन किया गया। साथ ही विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा खेल के विषय पर वाद - विवाद,फिटनेस टॉक का भी आयोजन किया गया।इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया।

बैडमिंटन खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ उप पुलिस अधीक्षक गोपाल वैश्य द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्ग के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।खिलाड़ियों ने एक से बढ़कर एक शानदार खेल का प्रदर्शन कर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं।कार्यक्रम के अंत में विजेता एवं उप विजेता खिलाड़ियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।इस अवसर पर उप पुलिस अधीक्षक गोपाल वैश्य ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल जीवन में अनुशासन, स्वास्थ्य और टीम भावना को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने युवाओं से कहा कि वे खेलों को अपनी दिनचर्या में शामिल करें। कार्यक्रम में शिक्षक/ व्यायाम शिक्षक संजीव साहू ब्लॉक नोडल,गिरीश शर्मा,महेंद्र राजपूत,होरी साहू,महेंद्र यादव इत्यादि के सहयोग से आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## सुने मकान में सोने का जेवर एवं नगदी रकम चोरी करने वाले तीन आरोपी सहित विधि से संघर्षरत बालक को किया गया गिरफ्तार

**गरियाबंद (समय दर्शन)।** मामले में मिली जानकारी के अनुसार 28 अगस्त को प्रार्थी कोमलराम सोनकर पिता मंगलूराम उम्र 44 साल निवासी बकली थाना राजिम थाना उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 27 अगस्त के रात्रि अपने परिवार को लाने के लिए अपने ससूराल गया हुआ था।28 अगस्त के सुबह घर आकर देखा तो घर के दरवाजे का ताला टुटा हुआ था।घर के पीछे बाडी जाने वाले रास्ता का दरवाजा खुला हुआ था।परिवार वालों के साथ मिलकर घर मे रखे पैसे एवं सामानों को चेक किया तो फैंसी दूकान के अंदर का दरवाजा का कुंदा टुटा हुआ था। दुकान अंदर ड्राज मे रखे नगदी रकम 17,000 रू0 एवं मुख्य कमरा के गोदरेज मे रखे नगदी 50,000 रू0 एवं 2 नग पुराना सोने का चैन किमती करीबन 70,000 रू0 कुल जुमला किमती करीबन 1,37,000 रू0 को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है कि रिपोर्ट पर थाना राजिम मे अपराध क्रमांक 262/2025 धारा 305, 331(4) भा0न्या0स0 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया है। प्रकरण के गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा चोरी के अज्ञात आरोपी की शीघ्र गिरफ्तार करने के संबंध में निर्देशित किया गया था।दिये गये निर्देश के परिपालन में चोरी के संबंध में स्पेशल टीम एवं मुखबीर सक्रिय



किया गया था।

प्रकरण मे विवेचना दौरान स्पेशल टीम एवं मुखबीर से सूचना मिला कि एक व्यक्ति सोने का चैन बेचने के फिराक मे घुम रहा है। सूचना मिलते ही संदेही व्यक्ति को घेराबंदी कर पुलिस अभिरक्षा में लेकर नाम पता पुछने पर अपना नाम डिगेश उर्फ छर्री उर्फ भुपेन्द्र कुर्रे पिता गिरधारी कुर्रे निवासी बकली कर रहने वाला बताया। चोरी के संबंध में पुछताछ करने पर बताया की अपने साथ विधि से संघर्षरत बालक सहित दो और अन्य साथी भुपेन्द्र कुर्रे, अजील मिरी के साथ मिलकर कोमलराम सोनकर के घर मे पीछे बाडी की ओर से उनके घर के छत के उपर मे जाकर कुदाली से उपर के कमरा मे लगे ताला को तोडकर उनके घर अंदर घूसकर उपर के कमरे में रखे अलमारी को वही पास मे रखे चाबी से खोलकर वहा रखे नगदी रकम 50,000 रू0 एवं 2 नग सोने का चैन को चोरी कर नीचे आकर दुकान के गल्ला मे रखे नकदी रकम 17,000 रू0 को चोरी कर पीछे के रास्ते से ही निकलकर वहा से भागे थे।प्रकरण में संलिप्त विधि से संघर्षरत बालक सहित तीन अन्य आरोपी डिगेश उर्फ छर्री उर्फ भुपेन्द्र कुर्रे,मोहन टण्डन उर्फ राकेश,अजील मिरी उर्फ चिकू,के कब्जे से चोरी के दो नग सोने का चैन किमती करीबन 70,000 रू0,नगदी रकम 64 हजार रूपये को बरामद कर समक्ष गवाहन के जप्त किया गया। आरोपीयों के विरूद्ध पर्याप्त साक्ष्य पाये जाने से विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

## किस मठाधीश ने बिलासपुर संभाग में खोदी कांग्रेस की कब्र

**बिलासपुर (समय दर्शन)।** असली नकली आदिवासी नेतृत्व के बीच कांग्रेस में उन नेताओं की खोज की ही नहीं गई जिनकी राजनीतिक तिकड़मों के चलते बिलासपुर संभाग में कांग्रेस की मिट्टी पलीत हुई। पार्टी की मिट्टी पलीत करा के इन नेताओं ने अपनी विधानसभा क्षेत्र और संसदीय क्षेत्र को सुरक्षित रखा बदले में तीन गुना तक दिया। अविभाजित मध्य प्रदेश के वक्त सारागांव क्षेत्र के एक नेता जिनके पिता भी कांग्रेस में ही थे को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने गृह विभाग दे दिया। इसके साथ आबकारी भी डायरेक्ट इनडायरेक्ट उन्हीं के पास चला गया। यहीं से शुरू होती है राजनीति और शराब ठेकेदारों की वह नापाक दोस्ती जिसमें कांग्रेस की जड़ नहीं कब्र खोद दी। महंत जी का सिख दारू ठेकेदार के साथ ऐसा याराना रहा की पंडा तो पंडा गुरुजी तक पंडा बने के लिए लालायित रहते थे।

आबकारी का गलत धंधा साथ में जमीन और चमड़ी का छौंक पार्टी शराब, कबाब और शबाब का गठजोड़ बन गई। इसी बीच कांग्रेस में उच्च स्तर पर नेतृत्व परिवर्तन हो गया और हाई कमान को जोगी पसंद आ गया। पर अब तक तो बिलासपुर संभाग में महंत ने पार्टी की वाट लगा दी, योगी के साथ मात्र 3 साल का समय था। अर्थात 2 साल स्वागत सत्कार और उपचुनाव में समय कट गया। झूठी सच्ची कहानियों के दम पर सरकार बनाने में माहिर भाजपा ने बस्तर में खेल कर दिया। कांग्रेस की सत्ता चली गई एक से ज्यादा बार प्रदेश अध्यक्ष की कमान सीडीएम को मिली, पर अग्र बंधुओं की स्तुति इतनी ज्यादा हुई की बिलासपुर संभाग में कांग्रेस खरीदी नहीं बिक्री की दुकान नजर आने लगी। उसे समय भी त्रिफला की कहानी कही जाती थी मगर मेहनत

अकेला व्हीलचेयर वाला नेता करता था और विरोधी व्हीलचेयर वाले नेता को ही डॉक्टर का एजेंट कहते थे। बिलासपुर संभाग की कई बार प्रशासनिक सर्जरी हुई है। जांजगीर जिले का एक ब्लॉक जो अब खुद जिला बन गया है को सट्टा की राजधानी का तमगा हासिल है। जानकार बताते हैं की सट्टे का पूरा कारोबार अग्र बंधुओं के हाथ में है और उसमें से अधिकतर अग्र बंधुओं को सीडीएम का वरदहस्त प्राप्त है। यहां तक की एक खाईवाल ने तो एक पत्रकार संगठन की का पदाधिकारी होना भी स्वीकार किया और अपने जन्मदिन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अपने आका को ही बुलाया आका तो नहीं आए आकी आई पूरे प्रदेश में कांग्रेस सब संसदीय सीट हारती है पर सीडीएम या उनका पारिवारिक सदस्य जितता है ऐसा क्यों .... ?

# एनएचएम कर्मचारियों का आंदोलन 13 वां दिन भी और तेज हुआ

**कवर्धा (समय दर्शन)।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ का अनिश्चित कालीन आंदोलन तेरहवें दिन रविवार को और भी उग्र हो गया है। कर्मचारियों ने स्पष्ट किया है कि जब तक उनकी मांगों पर लिखित आदेश जारी नहीं हो जाता है, तब तक वे अपना विरोध जारी रखेंगे।

कर्मचारियों का कहना है कि विधानसभा चुनाव के दौरान सरकार ने कई वादे किए थे। जिनमें मोदी की गारंटी को प्रमुख रूप में प्रचारित किया गया था। इन बातों को पूरा न किए जाने से कर्मचारियों में भारी नाराजगी है। संघ का दावा है कि 160 से ज्यादा बार ज्ञापन देने के बावजूद सरकार ने हमारी मांगों पर कोई ध्यान नहीं दिया। इसी के चलते 18 अगस्त से प्रदेश के 33 जिलों में लगभग 16000 से ज्यादा कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। इसके बाद 29 अगस्त को रायपुर और दुर्ग संभाग के साथ कवर्धा जिले के 180 कर्मचारी रायपुर के तुता धरना स्थल पर शामिल हुए, जिनमें मोदी की गारंटी लागू



करे लिखे पाम्पलेट आम जनता में वितरित भी किया, ताकि लोग हमारे आंदोलन के बारे में जान सके।

कर्मचारियों का कहना है कि हड़ताल हमारा शौक नहीं है हम मजबूर होकर हड़ताल कर रहे हैं। घोषणा पत्र के अध्यक्ष सांसद विजय बघेल ने आज एक टीवी इंटरव्यू में कहा कि कर्मचारियों का मांग जायज है हमने घोषणा पत्र में वादा किया था इस पर सासद ने मंत्री से मांग के संबंध में पत्र और वार्ता के लिए कहा है कि मैं स्वयं इस बारे में मुख्यमंत्री जी से चर्चा करूंगा।

आज की हड़ताल में शशिकांत शर्मा, जेम्स जॉन, प्रदीप सिंह ठाकुर, विनिष जॉय, सौरभ तिवारी, जग राठौर, मुकुंद राव, आनंद दास महंत, जयंत कुमार, दुर्गेश गुप्ता, डॉ.चंचला, डॉ. प्रशांत, डॉ. मुकेश खूंटे, डॉ. निलेश चंद्रवंशी, डॉ.गौरव बघेल, डॉ.ममता ठाकुर, डॉ.दीपक ध्रुव, रूपेश साहू संगीता भगत, हेमराज सिंह ठाकुर, भवानी सिंह, भास्कर देवांगन, शिल्पा बक्शी, भूपेंद्र भास्कर, नेहा चंद्रवंशी, राजेश्वरी गुप्ता, भगवन्तीन पुसाम, संजीत चंद्रवंशी, अविनाश, नितिन सोनी, निलेश टांडेकर, मोहन साहू, नेहरू, विजय कश्यप, रामबिहारी यादव, सागर, छबि साहू, टीकाराम चंद्रवंशी, महेंद्र चंद्रवंशी, कवित पटेल, वेद चंद्राकर आदि सैकड़ों कर्मचारी उपस्थित रहे।

**स्वास्थ्य सेवाएं ठप आम जनता परेशान**- इस अनिश्चितकालीन हड़ताल से ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह से ठप हो गई है, जिससे आम जनता को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्वास्थ्य मंत्री के उस दावे को कर्मचारियों ने भ्रामक जानकारी बताया है, जिसमें उन्होंने कहा था की पांच मांगो को पूरी कर दी गई है। कर्मचारियों ने मंत्री से लिखित आदेश जारी करने की मांग की है।

**प्रमुख मांगे और सरकार पर आरोप**- कर्मचारियों की मुख्य मांगों में नियमितीकरण, ग्रेड पे का निर्धारण लंबित 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि, अनुकंपा नियुक्ति और अन्य 10 सूत्रीय मांगे शामिल है। संघ के पदाधिकारी ने बताया कि हम अपने हक की लड़ाई लड़ रहे हैं और सरकार की दमनकारी रवैया हमें डरा नहीं सकती। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगे जल्द पूरी नहीं की गई तो आंदोलन और उग्र होगा जिसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार की होगी।

**नोटिस के बाद भी उत्साह में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं**- हड़ताल में शामिल सभी कर्मचारियों के लिए 29/ 08/ 2025 को स्वास्थ्य सचिव का पत्र आया है, जिसमें कर्मचारी ड्यूटी ज्वाइन करें नहीं तो अनुशासनात्मक कार्रवाई करने का आदेश जारी किया गया है, फिर भी हड़ताली कर्मचारियों के उत्साह में किसी भी प्रकार की कोई कमी नहीं आई है।

# शिक्षा के स्तर को ऊँचा उठाना मेरी प्राथमिकता-कुँजराम यादव

**बसना (समय दर्शन)।** शासकीय प्राथमिक शाला बिलखंड में शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण बदलाव हुआ है, जिसमें कुंजराम यादव को शाला प्रबंधन समिति (एस एम सी) का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति शाला के संचालन में सुधार और विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

कुंजराम यादव की शिक्षा और समाज सेवा में दीर्घकालिक सक्रियता को देखते हुए उन्हें यह सम्मानित पद दिया गया है। उन्हें शाला के समग्र प्रबंधन, विद्यार्थियों के पोषण, और शाला के विकास कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनके चयन से स्थानीय समुदाय और शाला के पालक वर्ग में खुशी की लहर दौड़ गई है।

इस अवसर पर कुंजराम यादव जी ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा, मुझे यह अवसर देने के लिए मैं शाला प्रबंधन समिति का आभारी हूं। मेरी प्राथमिकता शाला के शिक्षा स्तर को ऊंचा करना, बच्चों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करना और शिक्षा के क्षेत्र में समाज की सहभागिता को बढ़ाना होगी। हम सब मिलकर इस शाला को एक आदर्श शाला



बनाने के लिए काम करेंगे।

कुंजराम यादव की नियुक्ति के बाद से शाला के पालकों और विद्यार्थियों में उम्मीदें बढ़ गई हैं। उनका मानना है कि उनके नेतृत्व में शाला को नई दिशा और गति मिलेगी, जिससे बच्चों का शिक्षा स्तर बेहतर होगा और अन्य सहायक सुविधाएं भी दी जा सकेंगी।

एस एम सी उपाध्यक्ष बनने के बाद, कुंजराम यादव के नेतृत्व में शाला में कई सकारात्मक बदलाव होने की संभावना जताई जा रही है। उन्हें शिक्षा के साथ-साथ सामुदायिक गतिविधियों में भी गहरी रुचि है और वे बच्चों की सर्वांगीण शिक्षा में सुधार के लिए कृतसंकल्प हैं।

इस मौके पर शाला के प्रधान पाठक, शिक्षकगण, और पालकों ने कुंजराम यादव को शुभकामनाएं दी और उनके नेतृत्व में शाला के और अधिक विकास की कामना की। शाला प्रबंधन समिति के अन्य सदस्य भी इस परिवर्तन से उत्साहित हैं और सभी का मानना है कि इस नियुक्ति से शाला का भविष्य और उज्ज्वल होगा।

कुंजराम यादव की नियुक्ति एक उदाहरण है कि शिक्षा में सुधार और विकास के लिए सिर्फ सरकारी प्रयास ही नहीं, बल्कि समुदाय और स्थानीय नागरिकों की सक्रिय भागीदारी भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।


## संक्षिप्त-खबर

### विवादित बयान के लिये राहुल गांधी को तत्काल माफ़ी मांगनी चाहिये- स्वप्निल




**पिथौरा (समय दर्शन)।** भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य स्वप्निल तिवारी ने बिहार के दरभंगा में राहुल गांधी की सभा में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी व उनकी माता जी के ख़िलाफ़की गयी अशोभनीय टिप्पणी की घोर निंदा करते हुए कहा है कि, यह बयान भारतीय समाज की संस्कृति और भावनात्मक मर्यादाओं को लांघने वाला बयान है। इसके लिये राहुल गांधी को तत्काल माफ़ी माँगनी चाहिए। कांग्रेस को लगातार मिल रही करारी हार और बिहार चुनाव से पहले जनता के झुकाव को कांग्रेस व उनके सहयोगी दल पचा नहीं पा रहे है जिसके चलते वो अपना आपा खो बैठे है और भारतीय राजनीति को कलंकित करने वाले अमर्यादित बयान दे रहे है। यह बयान ना केवल प्रधानमंत्री मोदी जी का अपमान है बल्कि पूरे देश व देश की संस्कृति का भी अपमान है ।राजनीति में आरोप प्रत्यारोप के लिये तो हर नेता हर पार्टी स्वतंत्र है और आरोप प्रत्यारोप राजनीति में सामान्य बात है पर जिस देश में माँ को सबसे बड़ा दर्जा दिया गया है जिसकी पूजा की जाती है राजनैतिक मंच से सरेआम स्वर्गीय माता जी के ख़िलाफ़ अभद्र टिपण्णी की जा रही है जो कि घोर निंदनीय है ।कांग्रेस व उसके सहयोगी दलों को अपने बयान पर खेद व्यक्त करते हुवे माफ़ी माँगनी चाहिये।

### किसानो का फसल पानी में डूबा, सिंचाई विभाग की लापरवाही का खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है, दरबार मोखली डेम के एनीकेट की ऊंचाई बढ़ाने से बढ़ी परेशानी



**पाटन (समय दर्शन)।** दुर्ग जिला के पाटन ब्लॉक के ग्राम बेलौदी गब्दी के किसानों के लिए सिंचाई विभाग द्वारा बनाए गए एनीकेट अब किसानों के लिए मुसीबत बन रही है। एनीकेट की ऊंचाई बढ़ाने के कारण पानी का जमाव किसानों के खेतों में हो रही है। इस साल करीब 40 एकड़ में लगाई धान की फसल दो बार खराब हो चुकी है। अब तीसरी बार उसी स्थान पर धान का फसल लगाया गया है। लेकिन पिछले दोनों हुई तेज बारिश फिर एक बार किसानों के लिए मुसीबत लेकर आई है। बारिश थमे हुए तीन दिन से अधिक हो गए लेकिन अभी भी किसानों का फसल पानी में डूबा हुआ है। पूरा मामला यह है कि दरबार मोखली डायवर्शन में जो एनीकेट बनाया गया है उसकी ऊंचाई पहले नीचे था तब किसानों के खेतों तक पानी का जमाव नहीं होता है। दो साल पहले सिंचाई विभाग द्वारा इसका गहरीकरण कराया गया। साथ ही एनीकेट की ऊंचाई जो 4 फिट था उसे बढ़ाकर 9 फिट बढ़ा दिया गया । एनीकेट की ऊंचाई बढ़ाने से डुबान क्षेत्र में इजाफा हो गया है। किसानो के खेतों तक पानी का ठहराव होने लगा है। जिससे कि किसानों का फसल सड़ने लगे है। किसानो ने एक साल पहले ही सिंचाई विभाग को इसकी जानकारी देते हुए फसल नुकसान से अवगत कराया इसके बाद सिंचाई विभाग ने एनीकेट में तीन जगह की ऊंचाई को कुछ कम किया था। लेकिन किसानों का कहना है कि यह काफी नहीं है । किसानो ने अपने खेत में डूबी हुई फसल को दिखाते हुए बताया कि इस साल पूरा मेहनत पानी में डूबते नजर आ रहा है। किसानो की सुविधा के लिए बनाया गया एनीकेट अब किसानों के लिए परेशानी का सबब बन गया है।

### बाढ़ प्रभावित दंतेवाड़ा में एनएमडीसी की पहल, किरंदुल परियोजना ने बांटे कंबल और कपड़ों के पैकेट



**दंतेवाड़ा (समय दर्शन)।** एनएमडीसी की किरंदुल परियोजना ने रवींद्र नारायण, अधिशासी निदेशक के कुशल निर्देशन और के.एल.नागवेणी, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) के मार्गदर्शन में दंतेवाड़ा जिले के बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत कार्य को अंजाम दिया। 28 अगस्त 2025 को जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में राहत सामग्री के पैकेट वितरित किए गए, जिनमें कंबल, चादर, पैंट, टी-शर्ट, साड़ी जैसी आवश्यक वस्तुएं शामिल थीं।

वितरण कार्य में मो. तनवीर जावेद, उप महाप्रबंधक (मा.सं.), अभिजीत घोष, सहायक महाप्रबंधक (मा.सं.), विवेक कुमार रक्षा, वरिष्ठ प्रबंधक (सीएसआर), और पारितोष तिवारी, सहायक प्रबंधक (मा.सं.) ने सक्रिय योगदान दिया। एनएमडीसी ने अपनी सामाजिक प्रतिबद्धता को दोहराते हुए जिला प्रशासन को राहत सामग्री सौंपी, ताकि बाढ़ से प्रभावित लोगों तक सहायता पहुंचाई जा सके।

इस वर्ष दंतेवाड़ा में भारी बारिश के कारण उत्पन्न बाढ़ ने कई इलाकों में गंभीर स्थिति पैदा कर दी थी। एनएमडीसी किरंदुल परियोजना ने प्राकृतिक आपदा से प्रभावित लोगों के लिए त्वरित राहत कार्य शुरू कर अपनी जिम्मेदारी निभाई।

# संभाग स्तरीय वाद विवाद प्रतियोगिता के लिए विकास खंड बसना के 10 प्रतिभागी चयनित

**महासमुन्द (समय दर्शन)।** महासमुंद में आयोजित जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा वाद विवाद प्रतियोगिता में पीएम श्री सेजेस बसना व सेजेस भंवरपुर की संयुक्त टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 150 प्रतिभागियों में तृतीय स्थान हासिल कर 6 सितम्बर को जोन स्तर प्रतियोगिता के क्वालिफाई किया है।



प्रदेश में सतत रूप से बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से जन- जागरूकता हेतु स्कूल स्तर पर 15अगस्त 2025 पर होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम से शुभारंभ करके राज्य स्तर पर 13 सितंबर 2025 तक सम्पन्न किया जा रहा है। सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा विषय पर आधारित वाद विवाद प्रतियोगिता के माध्यम से हाई एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों के छात्र छात्राओं द्वारा वाद विवाद प्रतियोगिता के माध्यम से सड़क सुरक्षा का संदेश देकर नागरिकों में दायित्व बोध कराने हेतु जागरूक का प्रयास किया गया।

30 अगस्त 2025 को जिला स्तर पर आशी बाई गोलछा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महासमुन्द में आयोजित वाद विवाद प्रतियोगिता में विकासखंड बसना का प्रतिनिधित्व कर रहे विद्यार्थियों ने उत्तम प्रयास किया। पीएम श्री बसना की ओर से पक्ष से तेजस्विनी साव , प्रार्थना बारीक, झरना साहू , हितेश पटेल व खूशबू पाण्डे का प्रदर्शन प्रशंसनीय रहा तो वहीं सेजेस भंवरपुर से विपक्ष के प्रतिभागी के रूप में गायत्री, सोनिया, दिनेश,गुणसागर ने अपना जौहर दिखाया ।

संभाग स्तर पर चयन होने पर विकास खंड शिक्षा अधिकारी विनोद शुक्ला, विकास खंड स्त्रोत समन्वयक बद्री विशाल जोल्हे, सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी व कार्यक्रम अधिकारी लोकेश्वर सिंह कंवर एवं पीएम श्री सेजेस बसना के प्राचार्य के के पुरोहित ने हर्ष व्यक्त करते हुए ब्लाक के कार्यक्रम समन्वयक व्याख्याता योगेश प्रधान,मार्गदर्शक शिक्षक राजू साहू पीएम श्री सेजेस बसना व सेजेस भंवरपुर के मार्गदर्शक शिक्षक विनोद चौहान व सुश्री ऋतु श्रीवास्तव व सभी चयनित विद्यार्थियों को बधाई के साथ संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं प्रेषित किया।

# नशामुक्ति अभियान के तहत हेणसपाली मे गाँजा,शराब विक्रय पर रोक



**बसना (समय दर्शन)।** बसना थानान्तर्गत ग्राम पंचायत बुटीपाली के आश्रित ग्राम हेणसपाली मे सामुहिक प्रयास से नशामुक्ति अभियान चलाया जा रहा है।

पंचायत के सरपंच रोहित साहू एवं ग्राम कोटवार श्याम कुमार चौहान, उपसरपंच सरोज साहू के उपस्थिति मे समस्त ग्राम वासीयों का सार्वजनीक बैठक रखा गया ,जिसमे नशा मुक्ति अभियान चलाकर शराबबंदी का निर्णय लिया गया।

कोई भी व्यक्ति ग्राम में शराब बनाता है या बेचता है तो 50 हजार रूपये दण्ड का प्रवधान रखा गया। दण्ड के साथ पुलीस प्रशासन को कार्यवाही हेतु सूचित किया जायेगा। गाँव मे निगरानी समिती का भी गठन किया

समस्त ग्राम वासियों द्वारा सर्व सहमति से निर्णय लिया गया कि,ग्राम में कोई भी व्यक्ति आज से शराब नहीं बनायेंगे ना ही बेचेगे।

ग्राम का कोई भी व्यक्ति इसका उलंघन करता है,तो उसे ग्राम की निगरानी समिति द्वारा पकड़कर पुलिस प्रशासन के सुपुर्द किया जावेगा।

एवं ग्राम के निर्णय अनुसार दंडीत भी किया जावेगा।

दण्डित राशि को ग्राम के विकास मे खर्च किया जाएगा । गांजा के विक्रय पर भी ग्रामीण स्तर पर पाबंदी लगाया गया है।

# हर गली, हर मैदान खेले सारा हिंदुस्तान थीम पर 3 दिवसीय आयोजन संपन्न

- राष्ट्रीय खेल दिवस पर सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ सांसद रूपकुमारी चौधरी द्वारा किया गया
- अधिकारी कर्मचारी, वरिष्ट नागरिकों एवं बच्चों सहित खिलाड़ियों ने उत्साह के साथ सायकल रैली में हुए शामिल
- राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर बेमचा में सायकल रैली का आयोजन




**महासमुन्द (समय दर्शन)।** खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद द्वारा 03 दिवसीय आयोजन दिनांक 29 से 31 अगस्त 2025 तक हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद जी की जयंती अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेमचा में विभिन्न आयोजन किया गया।

जिसमें 29 अगस्त को मिनी स्टेडियम महासमुंद में हॉकी प्रतियोगिता में शामिल हुए एवं सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ किया गया, जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि सांसद लोकसभा महासमुंद रूपकुमारी चौधरी सहित विधायक योगेश्वर राजू सिंहा, देवीचंद राठी, प्रदीप चंद्राकर, महेंद्र सिका, राष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ी सोनिया बंदे, अंतर्राष्ट्रीय योगा खिलाड़ी तोरण यादव आदि की उपस्थिति में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के खिलाड़ियों को खेल में भागीदारी करने एवं अवसर प्रदान करने खेलों के पंजीयन पोर्टल का विमोचन कर शुभारंभ किया गया। प्रतियोगिता में शामिल होने पंजीयन की प्रक्रिया 29 अगस्त से 20 सितम्बर तक रखा गया है। खेल दिवस के दूसरे दिन 30 अगस्त को शासकीय उ मा विद्यालय बेमचा में विभिन्न इंडोर एवं आउटडोर खेलों कैरम, शतरंज, कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मेजर ध्यानचंद जी को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया एवं अतिथियों, नागरिकों, खिलाड़ियों को फिट इंडिया की शपथ दिलाई गई। ग्रामीण क्षेत्रों में फिट इंडिया मूवमेंट को बढ़ावा देने हर गली हर मैदान खेले सारा हिंदुस्तान एवं खेले भी खिले भी, मोर खेल मोर गौरव की थीम को लेकर आयोजन किया गया। हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद जी की जयंती राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर फिट इंडिया मोमेंट के तहत संडे ऑन सायकल अंतर्गत दिनांक 31 अगस्त को सायकल रैली का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यम विद्यालय बेमचा से प्रारंभ कर जिला जेल, पुलिस लाईन, परसदा ब, कौन्दकेरा से वापस बेमचा में संपन्न किया गया जिसमें 200 से अधिक लोगों ने फिट इंडिया शपथ ग्रहण कर फिटनेस के लिए संडे सायकल रैली में जागरूकता का संदेश दिया। स्थानीय जनप्रतिनिधियों, नागरिकों, अधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ, ग्राम पंचायत बेमचा, कौन्दकेरा, मुस्की ग्राम पंचायत गोपालपुर, हॉकी संघ, हैंडबॉल संघ, बास्केटबॉल संघ, नेटबॉल संघ, योगासन स्पोर्ट्स संघ, बॉल बैडमिंटन संघ, हिट हॉप जुंबा महासमुंद, नवापारा, परसदा ब, परसवानी के साथ शहरी क्षेत्रों से आशी बाई गोलछा कन्या स्कूल, सेजेश हिंदी महासमुंद, शिशु संस्कार, सरस्वती शिशु मंदिर के खिलाड़ियों की भागीदारी रही। खिलाड़ियों ने उत्साह के साथ नारे लगाए एवं तिरंगा झंडा लेकर रैली में शामिल हुए। इस अवसर पर राष्ट्रीय खिलाड़ी वर्षा कोसरे बॉल बैडमिंटन, सागर सेन हॉकी के राष्ट्रीय खिलाड़ी, हिट हॉप जुंबा टीम, शिक्षा विभाग, पुलिस विभाग, छात्रावास, खेल संघों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिले में नागरिकों को फिटनेस, प्रदूषण रोकने, बेहतर स्वास्थ्य लाभ, बीमारी से बचाव को लेकर जागरूक करने के उद्देश्य से हिट हॉप जुंबा हितेश यादव की टीम द्वारा जुंबा डांस का आयोजन किया गया। सायकल रैली में खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे, राहुल चन्द्राकर अध्यक्ष जिला हॉकी संघ, डॉ. रामशरण चन्द्राकर वरिष्ठ नागरिक, रितेश रामटेके ए. एस.आई. पुलिस बटालियन, मोती धृतलहरे प्रधान आरक्षक पुलिस बटालियन, तुलेंद्र सागर व्याख्याता स्काउट मास्टर, व्यायाम शिक्षक सेवन दास मानिकपुरी, इमरान अली, टाकेश्वर प्रसाद साहू संकुल समन्वयक, छात्रावास अधीक्षक मदन चौधरी, शुभम तिवारी, कुंदन चंद्राकर, दुलामनी रौतिया उपस्थित रहे।

# ए वी पब्लिक स्कूल, किरंदुल में विद्यालय कैबिनेट का भव्य शपथ ग्रहण समारोह



**किरंदुल (समय दर्शन):** डी ए वी पब्लिक स्कूल, किरंदुल में आज एक गरिमामय इन्वेस्टीचर सेरेमनी का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय कैबिनेट के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने शपथ ग्रहण की। इस समारोह का संचालन विद्यालय कैप्टन साईं कृष्णा वामसी (कक्षा 12, विज्ञान संकाय) ने किया।


कार्यक्रम का शुभारंभ मधुर प्रार्थना गीत के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय कैप्टन, उप-कैप्टन और चारों सदनों—अग्नि, वायु, पृथ्वी, और आकाश—के प्रतिनिधियों ने शपथ ग्रहण की। विद्यालय के प्राचार्य श्री एस. के. श्रीवास्तव ने नवनिर्वाचित कैबिनेट सदस्यों को संबोधित करते हुए अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और विद्यालय की गरिमा को बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को नेतृत्व के महत्व और जिम्मेदारियों को बखूबी निभाने की सलाह दी।

समारोह में विद्यालय के समस्त शिक्षकगण और विद्यार्थी उपस्थित रहे। सभी ने नवनिर्वाचित कैबिनेट सदस्यों को हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यह आयोजन उत्साह और उमंग से भरा रहा, जिसने विद्यालय परिसर को खुशी और गर्व के रंगों से सराबोर कर दिया।

# भविष्य निधि आयुक्त ने सालेम को दिया कारण बताओं नोटिस

- हो सकती है 406, 409 की एफआईआर

**रायपुर /बिलासपुर (समय दर्शन)।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने आखिरकार 29 अगस्त 2025 को सालेम इंग्लिश स्कूल को शो काश नोटिस जारी कर ही दिया। यह नोटिस पीएफ की धारा 7 और 14 के उल्लंघन के कारण जारी हुआ है। यदि कार्यवाही जारी रही तो अब आईपीसी की धारा 406, 409 के तहत एफआईआर भी कराई जा सकती है। पीएफ अधिकारी ने सात दिवस के भीतर दिए हुए आदेश का पालन करने को कहा है। जुलाई महीने में ही छत्तीसगढ़ डायोसिस बोर्ड आफ एजुकेशन द्वारा संचालित स्कूलों के बड़ी संख्या में शिक्षकों ने रायपुर कलेक्टर, थाना सिविल लाइन रायपुर में इस आशय की शिकायत की थी। प्रबंधन उसकी पीएफ नहीं पटा रहा और यह राशि 70 लाख पार कर चुकी है। सालेम स्कूल प्रबंधन ने स्वयं यह स्वीकार किया कि उसने अभी 2 करोड़ 53 लाख 23 हजार वेतन का नहीं दिया है। सालेम स्कूल का सीए ऑडिट बिलासपुर के एक सीए के यहां होता है और सूत्र बताते हैं कि 2023 - 24 में स्कूल ने 2553872 रुपए सालेम हॉस्टल पर, प्रॉपर्टी संधारण पर 2504750



रुपए स्कूल विस्तार 6037184 रुपए तथा 4626146 रुपए खर्च किया और यह सब राशि फीस से ही आई तो प्रश्न उठता है कि अभी तक पिछला वेतन क्यों नहीं दिया गया। जो पीएफराशि अभी हाल ही में अग्रिम जमानत प्राप्त करने के पहले जमा हुई जिसके लिए एक दूसरे स्कूल के बैंक खाते से राशि का आहरण हुआ वह तो कर्मचारियों के वेतन के कटौती का हिस्सा है। पीएफ की यह धनराशि जो नियुक्तिदाता को अपने हिस्से का देता है। अभी भी ड्यू है कुल मिलाकर सीडीबीई पंजीकृत और छत्तीसगढ़ डायोसिस अपंजीकृत दोनों के ऑफिस बैरर एक ही हैं और राज्य भर में संचालित कल 19 स्कूल 13 अनुदानित शेष निजी में करोड़ों की वित्तीय अनियमितता है। जिसमें से बर्जेस स्कूल में बिलासपुर कलेक्टर ने जांच कराई पर जांच रिपोर्ट आज तक शिकायतकर्ता को ही नहीं दी जा रही है। बर्जेस स्कूल में चल रही वित्तीय अनियमितता की विस्तृत शिकायत जन्म दर्शन में हुई थी और जांच भी हुई शिकायतकर्ताओं के बयान भी दर्ज हुए जांच अधिकारी ने बर्जेस स्कूल पहुंच कर तथ्यों की जांच भी की पर प्रतिवेदन ना मिलना ही पूरे मामले में पर्दा डालने के समान है।

स्वामित्वधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक रोहित खड़तकर द्वारा समय दर्शन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स ग्राम छाटा, पोस्ट देवादा, तहसील पाटन, जिला दुर्ग ( छ.ग. ) 491111 से मुद्रित कर बी-4, प्रेस काम्प्लेक्स, इंदिरा मार्केट, दुर्ग छ.ग. 491001 से प्रकाशित। संपादक :- रोहित खड़तकर, समाचार संपादक : दामोदर राव, फोन नं.-0788-4051213, मो. 9827104452, रायपुर कार्यालय:-0771-4218364, ईमेल - samay.darshan191@gmail.com पं. क्र. CHHHIN/2011/41517 डाक पंजीयन क्रमांक छ.ग./दुर्ग/61/2024-25